


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...




● वर्ष- 16 अंक 241- ● जबलपुर ● सोमवार, 3 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


**यूपी में भगवान शंकर- मां काली की लीला देखने उमड़ी भीड़, शार्ट सर्किट हो गया**

## यूपी के भदोही पंडाल में 3 बच्चे समेत 5 जिंदा जले

**लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के भदोही में रविवार शाम को 8 बजे एक दुर्गा पंडाल में 5 लोग जिंदा जल गए। इनमें 3 बच्चे और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब भगवान शंकर और मां काली की लीला का मंचन चल रहा था। मंच के सामने 200 से ज्यादा लोग बैठे थे। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। तभी मंच के दाईं तरफ अचानक आग भ?क गई।**



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 20 सेकेंड में आग पूरे पंडाल में फैल गई। पहले तो लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया। जैसे ही आग की लपटें बढीं, अफरा-तफरी मच गई। जिसे जहां जगह मिली, लोग वहां भागने लगे। भीड ज्यादा होने की वजह से लोग जब तक बाहर निकलते, उससे पहले आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें निकाला। तब तक 67 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### पांचों ने अस्पताल में दम तोड़ा

सभी घायलों को इलाज के लिए वाराणसी और प्रगायराज ले जाया गया। हादसे के 3 घंटे बाद रविवार रात 11 बजे घायल 12 साल के अंकुश सोनी और 45 साल की जया देवी ने दम तोड़ दिया। इसके बाद, सोमवार सुबह 9 बजे फिर बुरी खबर आई। 8 साल के हर्षवर्धन, 10 साल के नवीन और 48 साल की आरती भी जिंदगी की जंग हार गईं। इस तरह इस हादसे में अब तक 5 लोग दम तोड़ चुके हैं। 47 की हालत गंभीर है। इनके अलावा 15 लोग मामूली रूप झुलसे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि मरने वालों का आंकडा और बढ सकता है।

### शार्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा

प्रशासन ने हादसे की वजह पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। एक प्रत्यक्षदर्शी महिला बुद्धी ने बताया कि शार्ट-सर्किट की वजह से आग लगी। इसके बाद पूरे पंडाल में फैल गई। एक और महिला ने बताया, पंडाल में बहुत तेजी से आग फैली थी। आग की लपटें ऊपर तक जा रही थीं। लोग खुद ही बचाव के लिए आ गए। पानी डालने लगे। किसी तरह लोगों को बचाया गया। बताया जा रहा है कि अंदर माता जी की गुफा जैसा पंडाल था। एक तरफ माता जी की मूर्ति लगी थी। प्रत्यक्षदर्शी विनय कहते हैं, शंकर और काली मां की लीला का मंचन हो रहा था। आरती का समय हो चला था। इसलिए पंडाल में 200 लोग मौजूद थे। अचानक आग लग जाती है। आग देखकर हम लोग दौड़कर पहुंचे। पर्दा खींचकर फाड़ दिए, ताकि लोग बाहर भाग सकें।

### पूजा अनुमति के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी नहीं थी

दुर्गा पूजा की अनुमति ली गई थी। मगर, परिसर के आस-पास अग्निशमन विभाग की फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं खड़ी थी। हादसे के करीब 20 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## भारत के एयरस्पेस से गुजर रहे ईरानी विमान में बम की सूचना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयपुर में लैंडिंग की परमिशन नहीं दी गई भारतीय एयरस्पेस से गुजर रहे एक ईरानी विमान में बम की सूचना मिली है। विमान में बम की जानकारी लाहौर एयरपोर्ट पर ्ञष्ट ने दी है। बम की सूचना मिलने पर विमान ने दिल्ली और जयपुर में लैंडिंग की परमिशन मांगी, जिसे इनकार कर दिया गया।

**ग्वालियर और सागर में हत्या**

## भोपाल में होटल की सेंटरिंग ढही, पिता-पुत्र की मौत

**ग्वालियर, एजेंसी।** पहाड़िया पुलिस चौकी के ठीक सामने शिव मंदिर में पूजा करने गए 26 साल के CA स्टूडेंट की हत्या कर दी गई। छात्र के सिर झुकाने पर किसी ने पीछे से सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब स्थानीय लोगों ने छात्र को लहूलुहान मंदिर में पड़ा देखा, तो अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र रिंकू उर्फ अमर रजक की हत्या किसने की? पुलिस जांच कर रही है। उधर, सागर के मोतीनगर थाना इलाके की आवास कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय किशोर की गोली मारकर हत्या। शव कॉलोनी में पड़ा हुआ मिला। वह रात में दुर्गाजी की झांकियां देखने गया था। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। भोपाल के रायसेन रोड में निर्माणाधीन होटल की छत की सेंटरिंग गिरने से ठेकेदार पिता और बेटे की मौत हो गई। एक मजदूर घायल है। घटना रविवार रात 10.30 बजे की है। तीनों लोग सेंटरिंग का काम कर रहे थे। इसी बीच सेंटरिंग का लकडी का एक पिलर टूट गया। तीनों लोग नीचे गिर आए। हादसे में ठेकेदार मोहम्मद हनीफ और उनके बेटे मोहम्मद फरदीन की मौत हो गई। बिलखिरिया पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया गया होटल Reshumrao के पिछले हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है।

## गुरुग्राम में बिल्डिंग डिमोलिश करने के दौरान हादसा 3 मजदूर मलबे में फंसे



**हरियाणा, एजेंसी।** के गुरुग्राम में सोमवार को बिल्डिंग डिमोलिश करते वक्त हादसा गया। यहां के उद्योग विहार फेज 1 में 3 मंजिला इमारत गिराने के दौरान कुछ मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। फायर ब्रिगेड के अफसर ने बताया कि एक मजदूर को रेस्क्यू कर लिया गया है। वहीं, 3 मजदूर मलबे में फंसे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।डीसीपी वेस्ट दीपक सहारन ने बताया कि यह एक पुरानी इमारत थी, जिसे 26 सितंबर से ही तोड़ा जा रहा था। 2 मंजिल तोड़े जा चुके थे, लेकिन आखिरी हिस्सा ढह जाने से यह हादसा हुआ।

## पंजाबी गायक अल्फाज पर हुआ जानलेवा हमला



**हरियाणा, एजेंसी।** पंजाबी सिंगर अल्फाज पर जानलेवा हमला हुआ है, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। मोहाली के एक रेस्तरां में मामूली झग? के बाद अल्फाज पर यह हमला किया गया है। गंभीर हालत में उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती किया गया है। अल्फाज पर हमले की सूचना सिंगर हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर शेयर करके दी है। मोहाली पुलिस ने बताया कि एक ढाबे के पास उनकी गाड़ी में टक्कर मारी गई थी। आरोपी को हमने गिरफ्तार कर लिया है। अल्फाज अभी खतरे से बाहर हैं।

## दुर्गा पूजा- मां महागौरी सभी के जीवन में संपत्ति, समृद्धि और सफलता लाएं : मोदी

### पीएम ने की महाअष्टमी पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** शक्ति पूजा के नवरात्र पर आज महा अष्टमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर देशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी है। पीएम ने हिंदी में नवदुर्गा के आठवें रूप देवी महागौरी को समर्पित एक स्तुति साझा करते हुए ट्वीट किया है। पीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा महा अष्टमी की अनंत शुभकामनाएं। मां महागौरी सभी के जीवन में संपत्ति, समृद्धि और सफलता लाएं। पीएम मोदी ने नवरात्रि के आठवें दिन देवी महागौरी पर एक स्तुति साझा करते हुए महागौरी की पूजा पर प्रकाश डाला।हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी शैलपुत्री बेहद खूबसूरत थीं और 16 साल की उम्र में उनका रंग गोरा था। उनकी गोरी त्वचा के कारण, उन्हें देवी महागौरी के नाम से जाना जाने लगा। उनकी तुलना शंख, चंद्रमा और कुंड के सफेद फूल से भी की जाती है। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूा के नाम से भी जानी जाती हैं। देवी महागौरी को चार हाथों से दर्शाया गया है, एक दाहिने हाथ में त्रिशूल और दूसरे दाहिने हाथ में अभयमुद्रा रखते हुए। उनके एक बाएं हाथ में डमरू है और दूसरे बाएं हाथ में वरदमुद्रा।



### 72 घंटे की भू समाधि से बाहर आए बाबा पुरुषोत्तमानंद

**भोपाल, यश भारत।** राजधानी में टीटी नगर माता मंदिर के पीछे भद्रकाली विजयासन दरबार के आध्यात्मिक संस्था के संस्थापक बाबा पुरुषोत्तमानंद महाराज तीन दिन के बाद आज सुबह 11 बजे भू समाधि से बाहर आ गए। गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज व पुतलीघर के महंत अनिलानंद महाराज की मौजूदगी में बाबा भू समाधि से बाहर आए। आश्रम के सेवादारों ने जैसे ही समाधि की जगह से मिट्टी की परत हटाने के बाद एक-एक कर पटियों को हटाया, तो बाबा गड्ढे में शांत भाव से ध्?यान मुद्रा में बैठे नजर आए। यह देखते ही भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई।



## पेट्रोल-डीजल राजस्थान और उत्तर प्रदेश में महंगा, बिहार में सस्ता

**नई दिल्ली एजेंसी।** वैश्विक बाजार में सोमवार को एक बार फिर कच्चा तेल महंगा हो गया है। ब्रेंट क्रूड 2.72 फीसदी बढ़कर 87.46 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई 81.62 डॉलर प्रति बैरल है। सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल में देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं राजस्थान में पेट्रोल पर 0.51 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 108.58 रुपए प्रति लीटर हो गया है, डीजल 0.46 रुपए बढ़कर 93.81 रुपए प्रति लीटर हो गया है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 0.14 रुपए बढ़कर 96.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.13 रुपए बढ़कर 89.93 प्रति लीटर हो गया है। दूसरी तरफ बिहार में पेट्रोल 0.36 रुपए सस्ता हो गया है। यहां पेट्रोल की नई कीमत 108.87 रुपए प्रति लीटर है, वहीं डीजल 0.34 रुपए की गिरावट के साथ 95.54 रुपए प्रति लीटर है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर है। लखनऊ में पेट्रोल 96.68 रुपए और डीजल 89.87 रुपए प्रति लीटर है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब?लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

**ब्रेंट क्रूड 2.72 फीसदी बढ़कर 87.46 डॉलर प्रति बैरल**

## पंजाब पुलिस का आतंक पर प्रहार आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश 2 गिरफ्तार



**फिरोजपुर (ईएमएस)।** पंजाब पुलिस को आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। खबर है कि रूपनगर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस दौरान दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है और कुछ हथियार भी बरामद किए गए हैं। खबर है कि इसके जरिए राज्य में सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने और टारगेट किलिंग की साजिश रची जा रही थी। पंजाब पुलिस के अनुसार, टेरर मॉड्यूल को कनाडा में रहने वाले खालिस्तान टाइगर फोर्स के गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला की तरफ से चलाया जा रहा था। डाला, केटीएफ के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है। वहीं, गिरफ्तार हुए लोगों की पहचान मोगा में चांद नावा गांव के रहने वाले वीजा सिंह उर्फ गगन उर्फ गग्गू और गंजी गुलाब सिंह वाला गांव के रंजोध सिंह उर्फ ज्योति के रूप में हुई है। पुलिस ने 21 जिंदा कारतूसों के साथ 0.22 बोर रिवॉल्वर और 0.32 बोर पिस्टल भी बरामत की है। खास बात है कि चार दिन पहले ही पुलिस ने फिरोजपुर में धान के खेत से दो मैगजीन और 60 जिंदा कारतूसों के साथ एक एके-47 बरामद की थी। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है डाला के इशारों पर ड्रोन की मदद से हथियार गिराए गए थे और वीजा और रंजोध को अरिफ्के गांव से इन्हें हासिल करना था।

## शहडोल जिला अस्पताल के स्टाफ नर्स की संदिग्ध हालात में मौत

शहडोल, । कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजनों को मौत के पीछे करंट लगने की जानकारी दी गई। जबकि लड़की पक्ष का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत करंट लगने से नहीं हुई, बल्कि उसकी हत्या की गई है। जानकारी के अनुसार प्रिया द्विवेदी पति अरविंद शर्मा उम्र 25 वर्ष जिला चिकित्सालय में स्टाफ नर्स के पद पर थीं। रविवार कि सुबह करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार प्रिया द्विवेदी का विवाह 11 मई 2022 को शहडोल के गांव एताझर में हुआ था। उनके पति अरविंद शर्मा प्राइवेट जॉब करते हैं। रविवार की सुबह नाइट ड्यूटी कर अस्पताल से वह अपने घर गई थी।

**मुलायम की तबियत फिलहाल स्थिर**

## पीएम मोदी, राजनाथ, राहुल, प्रियंका ने की जल्द स्वस्थ होने की कामना



**गुरुग्राम (ईएमएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबीयत फिलहाल स्थिर बताई जाती है। वह पिछले 6 दिनों से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हैं। ऑक्सीजन लेवल कम होने और यूरीनरी ट्रैक्ट में संक्रमण के बाद कल उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया। मुलायम सिंह यादव की किडनी में भी गंभीर स्तर का संक्रमण है। उन्हें 26 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुलायम की तबियत गंभीर होने की बात सुनते ही उनके सभी परिजन एक-एक कर गुरुग्राम पहुंच रहे हैं। मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई शिवपाल यादव के साथ-साथ अखिलेश और डिंपल अपने बच्चों के साथ लगातार उनके साथ हैं। शिवपाल यादव के मुताबिक अगले 24 घंटे मुलायम सिंह यादव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। धर्मेंद्र यादव भी हॉस्पिटल में मौजूद है। अखिलेश यादव अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वेदांता हॉस्पिटल पहुंच चुके हैं। दूसरी ओर मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू भाजपा नेता अपर्णा यादव भी दिल्ली पहुंच रही हैं।मुलायम सिंह यादव फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन सूद और डॉ सुशील कटारिया उनका इलाज कर रहे हैं।

**बारिश के बीच राहुल की जनसभा**

## कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बोले- हम प्यार फैलाने निकले है

### हमें कोई नहीं रोक सकता

**कर्नाटक, एजेंसी।** मैसूर में भारत जोडो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। गांधी जयंती के मौके पर जब पूरे दिन की यात्रा के बाद राहुल लोगों को संबोधित करने के लिए मंच की तरफ बढ़े तो बारिश होने लगी। इस मौके पर राहुल ने बारिश रुकने का इंतजार नहीं किया। भीगते हुए उन्होंने भाषण जारी रखा। राहुल ने कहा- चाहे कुछ हो जाए, भारत जो?ा यात्रा को कोई नहीं रोक सकता। हमारी यात्रा का उद्देश्य ब्छ्रक्क्रस्र की फैलाई हुई नफरत और हिंसा को रोकना है। गर्मी, तूफान या सर्दी भी इस यात्रा को नहीं रोक पाएंगे। यह यात्रा नदी की तरह बिना रुके कन्याकुमारी से कश्मीर जाएगी। और इस नदी में आपको नफरत और हिंसा जैसी चीजें नहीं मिलेंगी। इसमें सिर्फ प्यार और भाईचारा मिलेगा जो भारत के इतिहास और DN में है। भाजपा और संघ ने चाहे जितनी नफरत फैलाई हो, ये यात्रा उसे रोकेगी और लोगों को फिर से जोड़ने में मदद करेगी।गांधी जयंती पर राहुल बोले- महात्मा गांधी के कदमों पर चलना आसान नहींरविवार को दिन की रैली के दौरान राहुल ने महात्मा गांधी की 153वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राहुल कर्नाटक के बदनावलु में उस खादी ग्रामोद्योग केंद्र पहुंचे जहां 1927 में महात्मा ने दौरा किया था। यहां राहुल ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए राष्ट्रपति की धरोहर को अपना बताना बहुत आसान है, लेकिन महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसे महात्मा गांधी ने अंग्रेज सरकार से लडाई लडी थी, हमने भी इस सोच के खिलाफ जंग छेड़ी है जिसने महात्मा की हत्या की थी। इस सोच ने ही पिछले 8 साल में हमारे देश में असमानता, भेदभाव फैलाया है। ब?ी मुश्किलों से कमाई हमारी आजादी को धीरे-धीरे करके खत्म किया है। हिंसा और असत्य की इसी राजनीति के खिलाफ भारत जो?ा यात्रा अहिंसा और स्वराज का संदेश फैलाएगी।







## पहला स्वदेशी LCH वायुसेना में शामिल, रक्षा मंत्री ने बताया आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का पहला स्वदेशी लाइल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH) जोधपुर में भारतीय वायुसेना में शामिल हो गया है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी मौजूद रहे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और IAF प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में भारतीय वायु सेना में स्वदेशी रूप से विकसित पहले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH) के प्रेरण समारोह में एक सर्व-धर्म प्रार्थना की गई। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारतीय वायु सेना में देश की प्रथम स्वदेशी LCH का आगमन हो रहा है। प्रचंड शक्ति, प्रचंड वेग और प्रचंड प्रहार की क्षमता वाले इस LCH का आगमन हमारी वायु सेना की क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर भी एक बड़ा कदम है।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति


सार्वजनिक दुर्गा मंदिर उत्सव समिति गोहलपुर


आदि शक्ति दुर्गा उत्सव समिति गोहलपुर


मां राजराजेश्वरी दुर्गोत्सव समिति गोहलपुर

# शारदेय नवरात्र पर्व की आज महाअष्टमी

## रोशनी से जगमगायें शहर में आस्था का रतजगा

**जबलपुर यशभारत। नवरात्र पर्व की महासप्तमी के साथ दुगाज़ पंडालों में जगमग रोशनी के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ शाम ढलते ही सड़कों पर उमड़ पड़ी है। नगर पथ पर देर शाम से ही श्रद्धा का सैलाब माता के विविध रुपों के दर्शन के लिए निकलने लगा है। दुर्गोत्सव में इस बार जहां एक से बढ़कर एक झांकियां बनाई गई हैं वहीं माँ जगदंबे के विविध मनोहारी स्वरुपों की मनमोहक प्रतिमाएं भी स्थापित की गई है।**

कुछ दुर्गोत्सव समितियों ने इतनी सुंदर और नयनाभिराम प्रतिमाएं स्थापित की हैं जो देखते ही बनती हैं। माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि की आराधना रविवार को पूरे श्रद्धा भक्ति भाव से की गई। माँ दुगाज़की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। अर्थात् जिसके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रुप भयानक हैं। सिर के बाल बिखरे हुए है और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति है कालरात्रि।



### माँ महागौरी की पूजा फलदायी.............

आज सोमवार को नवरात्र की अष्टमी तिथि है। आज अष्टमी पर माँ भगवती के आठवें स्वरुप महागौरी का पूजन किया जाएगा। इनका वणज़ पूणज़तः गौणज़ है। इस गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंसद के पूसल से की गई है। इनके वस्त्र, आभूषण श्वेत और चार भुजायें हैं। वाहन वृषभ है। पावज़्ती रुप में इन्होंने भगवान शिव को पति के रुप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। दुगाज़ पूजन के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ एवं फलदायी है। इनके पूजन से भक्तों की मनोकामनायें पूर्ण होती है।

### बंग पूजा कार्यक्रम.

सिटी बंगाली क्लब करम चंद चौक में सोमवार को प्रातः 9:28 बजे से पूजा, संधि पूजा, दोपहर 1.57 बजे से अंजनी, प्रसाद भोग वितरण, मेंहदी प्रतियोगिता, कुशल गृहणी श्रेष्ठ बहु प्रतियोगिता, रात्रि 7:30 बजे संध्या आरती, 8 बजे यात्री स्मारिका का विमोचन, 9 बजे शंखवादन एवं धुनुची नृत्य, प्रतियोगिता, डीबी क्लब में प्रातः 9:28 बजे से पूजा, अंजली प्रसाद, रात्रि 8 बजे से ज्योईता, कोलकाता का रंगारंग कायज़्क्रम, आरती, नृत्य प्रतियोगिता, वेस्ट लैंड खमरिया में प्रातः 9:28 बजे से पूजन भोग, रात्रि 8 बजे संगीत कायज़्क्रम। नमज़्दा बंगाली पूजा समिति प्रातः 9:28 बजे से पूजा प्रारंभ, शंख वादन प्रतियोगिता होगी।

## लाल किला, राम मंदिर की झांकियां

राम मंदिर, लालकिला और कहीं थामस ट्रेन की झांकी अपनी भव्यता, मनोहारी विद्युत छटा, माँ भगवती के विभिन्न स्वरुपों वाली देवी प्रतिमाओं तथा ऐतिहासिक देश विदेश की अनुकृतियों के कारण संस्कारधानी जबलपुर का दुर्गोत्सव पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। माँ भगवती की प्रतिमाओं के दशज़्नाथज़ और दुर्गा पंडालों की साज-सज्जा, झांकियों को देखने शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचते है। संजीवनी नगर में आयोध्या के राम मंदिर, तो गुलौआ चौक में लाल किला और सदर में थामस ट्रेन की झांकी बनाई गई है. पनागर में 51 फीट के महाकाल के शिवलिंग का निमाज़्ण किया जा रहा है। जिसके अंदर महाकाली विराजमान है।

## गढ़ा में रामलीला का मंचन

**जबलपुर यशभारत।** श्री रामलीला समिति में 14 वें दिन सिद्ध मंच पर भगवान की आरती डा. अखिलेश गुमास्ता, डा. पवन स्थापक, श्रीमती अनुपमा स्थापक, सुनील कवीश्वर, अमित सिमरन शुक्ला, प्रोफ़ेसर सुनील देशपांडे, सवेज़्न्द्र बिल्थरे, डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, ठाकुर प्रसाद दीक्षित, विजय भारद्वाज, अशोक त्रिपाठी एवं समिति के सदस्यों द्वारा की गई। समिति के निदेज़्शक राजेश मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों का तिलक वंदन कर मोती माला पहनाकर स्वागत किया गया। विभीषण ने लंका त्याग दी और राम दल में जाकर दोनों हाथ उठाकर भगवान राम के शरण में पहुंचे. इसके बाद लंका पर चढ़ाई करने की योजना बनाई गई। सदस्य राकेश सिंह लीला दर्शन हेतु पधारे। इसके उपरांत सांसद और महापौर निधि से निमिज़्त रूद्र दत्त कुररिया सभागार का लोकापज़्ण कर श्री रामलीला समिति के संचालक अशोक मनोध्याय को सौंपा। इस दौरान अशोक मनोध्याय, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय, भोलाराम खत्री, राजेश नेमा, डा. भूपेन्द्र उपाध्याय, संजय तिवारी चेरीताल, प्रमोद तिवारी, पंचम सोनी, विद्या केवट, जितेंद्र सोनी, दिनेश मिश्रा को शाल, मोती की माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। रामलीला में आज सेतुबंध रामेश्वरम पूजन, अंगद रावण संवाद की लीला का मंचन होगा।

## श्रीराम की शरण में पहुंचे विभीषण



### अंगद रावण संवाद ने मन मोहा जान दैंहों जान, पर जान न दैहों जानकी

जबलपुर, यशभारत। सुन ले रे रावण, पहले लैंहों जान पुनि पांछे लैहों जानकी। इस पर रावण ने कहा सुन ले रे अंगद, जान दे दैहों जान, पर जीते जी जान न दैहों जानकी। ये संवाद अंगद और रावण के बीच गोविंदगंज रामलीला में सुने गए। शांतिदूत बन कर लंका गए अंगद जी के रूप में शंकर शर्मा ने भावपूणज़ संवाद किए। एक-एक संवाद इतने वजनदार थे कि दशज़्क तालियां पीटने से खुद को नहीं रोक पाए। देवों की कौन कहे विधाता तक मौन है-ऐसे दशकंठ को झुकाने वाला कौन है.. संवाद पर रावण बने पवन पांडे का अंदाज भी सराहा गया।

**रामेश्वर पूजन में गूंजे मंत्र......** इससे पूवज़ सेतु बंधु रामेश्वर पूजन की मानस लीला हुई। इसमें प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमंत लाल द्वारा शिव महारुद्राभिषेक का प्रसंग है। 21 वैदिक ब्राम्हणों द्वारा रुद्री पाठ किया गया। इसके बाद भगवान द्वारा भोलेनाथ के अभिषेक को देखकर श्रद्धालुओं का मन प्रसन्न हो गया। इस लीला का दशज़्कों को और समिति के कायज़्कताओज़ को साल भर इंतजार रहता है। भगवान को भांग-धतूरा सहित अभिषेक की सारी सामग्री भारी मात्रा में अपिज़्त की गई।

## मेडिकल प्रबंधन पर लगा लापरवाही का आरोप

## लापरवाह व्यवस्था से गई आदिवासी महिला की जान

जबलपुर, यशभारत। मेडिकल कालेज जबलपुर में लापरवाही व्यवस्था के चलते एक गर्भवती महिला और उसके गभज़्स्थ शिशु की मृत्यू हो जाने का मामला प्रकाश में आया है. कहा जा रहा है की समय रहते यदि जांच और इलाज हो जाता तो, मां बच्चे की जान बच सकती थी. मोक्ष मानव संस्था के आशीष ठाकुर ने बताया की मंडला नैनपुर के ग्राम कामता खटिया निवासी 23 वषीज़्य आदिवासी युवती सदा कुमारी उईके को प्रसव पीढ़ा होने पर 1 अक्टूबर की रात उसका पति विजय कुमार उईके मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आया.लेकिन लापरवाह व्यवस्था के चलते गायनिक वाडज़ ने महिला की सोनोग्राफी कराने के लिये रेफर किया. सीएमओ को सूचना देने के बाद भी महिला की समय पर सोनोग्राफी नहीं हो पाई. जांच नहीं होने से उसे उपचार नहीं मिला और उसकी मृत्यू हो गई. मृत्यू के बाद भी अस्साल प्रबंधन की संवेदना नहीं जागी. 2 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे तक उसका पोस्टमाटज़्म नहीं हो पाया. उसके बाद मोक्ष के प्रयासों से देर शाम पोस्ट मार्टम हुआ।

## आयुर्वेद महाविद्यालय में स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रों और स्वयं सेवकों ने सहभागिता की, इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रधानाचार्य डॉ अहिरवार के द्वारा तथा संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ पंकज मिश्रा एवं सह प्रभारी मो रजा सिद्दीकी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय के चिकित्सक एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

डाक्टर चैम्बर उपलब्ध है
पताः
त्रिवेणी हास्पिटल
के सामने
अशोका होटल के बाजू में
(लाल बंगला)
संपर्कः
9300068860,
7691912082

अब नई शृंखला के साथ
KARAN
SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

## स्वच्छता एक्शन प्लान 2023 तैयार

# हर दिल में जगाना होगी स्वच्छता की अलख : महापौर





जबलपुर यशभारत। स्वच्छता ऐक्शन प्लान 2022-23 के अंतगज़्त महाकोशल चेम्बर ऑफकॉमसज़ एण्ड इंण्डस्ट्री व सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कायाज़्लय ए इंदौर के तत्वाधान में सालिड लिक्विड एवं ई.वेस्ट तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प विषय पर आयोजित कायज़्शाला के मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने विचार रखते हुए संस्कारधानी के हर नागरिक के दिल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं रुझान के साथ स्वच्छता अपनाने का आव्हान किया। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने जबलपुर को विकसित व स्वच्छता क्रम में अग्रणी बनाने का संकल्प दोहराया द्य इस अवसर पर महापौर द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता ने उपस्थित व्यापारियों एवं उद्योगपतियों से प्रशासन द्वारा लागू किये गये कानून को पालन करने को अपना धमज़ बताया साथ ही यदि कानून में कोई विसंगति है तो सरकार से उसे दूर कराने का आश्वासन दिया। कायज़्शाला का संचालन मानसेवी मंत्री शंकर नाग्देव एवं आभार जॉइंट सेक्रेटरी अखिल मिश्र द्वारा किया गया। कायज़्शाला में चेम्बर उपाध्यक्ष राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, युवराज गढ़ावाल, अनूप अग्रवाल, मेवालाल छिरौल्या, नवनीत जैन, विनय जैन, राजिंदर सिंह छावड़ा, केवल सावलानी, समीर पाल, सुधीर सोनकर, प्रदीप मध्यानी, आदित्य जैन, रोमिल सोमैया प्रदीप बिस्वारी, संजय टेक चंदानी, समित सिंघई, शशांक पाठक, राम देवानी, जयराम दास शादिजा, सुनील ठाकुर, परेश सांघवीए दीपक सेठीए संतोष सावलानी, राहुल खत्री, सुरेश परचानी, नमामि शंकर महावर, एस एल कोरी, शिविना आहूजा आदि बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति उपस्थित थे।

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU,
जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

## फरमान



# बिना हेलमेट के अब खैर नहीं, या कागजों तक रहेगी कार्रवाई....

**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस मुख्यालय ने हेलमेट अनिवार्य करने के आदेश दिए है। जिसके चलते बिना हेलमेट के वाहन दौड़ाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगया जा सके। लेकिन आगे पाट और पीछे सपाट की तर्ज पर यह देखना अभी बाकी है कि क्या यह आदेश भी केवल कागजों में ही दौड़ेगा और कुछ समय बाद, फाइलों में दम तोड़ देगा या फिर मैदान स्तर पर सख्त कार्रवाई भी होगी...? वाहनों के बढ़ने के साथ ही साथ सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ फिलहाल कम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं समाने आ रही है। जिसमें देखा जाता है कि अगर वाहन चालक हेलमेट का उपयोग करें तो काफी हद तक दुर्घटनाओं की चपेट में आने के बाद भी जान का जोखिम कम होता है।



### सरकारी, लिमिटेड और प्राइवेट दफ्तरों के कर्मियों को हेलमेट अनिवार्य

पुलिस मुख्यालय ने पुलिस कमिश्नर भोपाल, इंदौर के साथ सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिए है कि अब सड़कों में कोई भी दो पहिया वाहन बगैर हेलमेट के नहीं दौड़ेगा। इसके साथ ही साथ सभी स्कूल, कॉलेज में भी टीचर और स्टूडेंट सहित सरकारी, लिमिटेड और प्राइवेट दफ्तरों के कर्मचारियों को हेलमेट अनिवार्य है। इसके साथ ही बगैर हेलमेट लगाए पेट्रोल पंपों में पेट्रोल भी नहीं मिलेगा।

### अनेक अभियान हो चुके फुस्स

वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अनेक बार जागरुकता रैली के साथ ही साथ हेलमेट अभियान चलाकर, जुर्माने की कार्रवाईयां की जा चुकी है। लेकिन सभी अभियान हमेशा फुस्स ही हुए है। देखने में आता है कि जुर्माना कार्रवाई के बाद भी वाहन चालक बगैर हेलमेट के ही वाहन चलाते है और पुलिस कार्रवाई से बचने, शॉटकट रोड का सहारा लेते है। तात्कालिक आदेश का कितना असर होता है, अब यह देखना बाकी है।

# जबलपुर पुलिस ने हरियाणा से युवती को किया दस्तयाब

## 2 साल से था प्रेम प्रसंग, संदेही के साथ विवाह कर बसा लिया था घर

**जबलपुर, यशभारत। घमापुर पुलिस ने 2 महिने पहले घर से अचानक गायब हुई युवती को हरियाणा से दस्तयाब किया है। युवती यहां संदेही युवक के साथ घर बसाकर रह रही थी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर फर्रुखाबाद से दोनों को पकड़ा है। वहीं, परिजनों को भी मामले की खबर दी गई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई जारी है।**

दिलीप मिश्रा एसआई घमापुर ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 9 अगस्त 2022 को घमापुर, बल्दीकोरी की दफाई निवासी परिजनों ने शिकायत की थी कि उनकी 21 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए अचानक गायब हो गयी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमइंसान कायम कर, मामला जांच में लिया था।

### प्रेम-प्रसंग के बाद कर लिया विवाह

पुलिस ने बताया कि दस्तयाब युवती ने बताया कि उसका दो वर्षों से युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बाद दोनों ने जबलपुर के एक मंदिर में विवाह किया और फिर हरियाणा चले गए। जहां एक हार्डवेयर दुकान में मजदूरी करने लगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हरियाणा में मिली लोकेशन

पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद लगातार पुलिस फोन लोकेशन ट्रेस कर रही थी। जिसके बाद पता चला कि लोकेशन हरियाणा के फर्रुखाबाद थाना में मिल रही है। जिसके बाद तत्काल टीम गठित कर, पुलिस पार्टी हरियाणा पहुंची।

# कुआं में गिरने से नाबालिग की मौत

**जबलपुर यशभारत।** चरगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरिया बेनी खेड़ा ग्राम मैं एक 14 वर्षीय नाबालिक की कुएं में गिरने से मौत हो गई उक्त घटना की जानकारी चलते हैं मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कुये शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी पुलिस ने बताया कि पिपरिया बेनी खेड़ा निवासी 14 वर्षीय किरण पिता देवी सिंह आरती देखने के लिए गई हुई थी जहां से वह वापस अपने घर आ रही थी इसी दौरान वह कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गई।

## दुर्गोत्सव महापर्व

# शाम 6 बजे से सुबह 5 बजे तक लगाई गई चाक-चौबंद व्यवस्था

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी में दुर्गा उत्सव पर्व धूमधाम एवं वृहद स्तर पर मनाया जाता है, जिसकी ख्याति पूरे प्रदेश में है। सप्तमी, अष्टमी एवं नवमीं को शाम से ही श्रृद्धालु शहर में जगह जगह सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमाओं के दर्शन हेतु निकल पड़ते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्गदर्शन में चाक-चौबंद व्यवस्था शाम 6 बजे से प्रातः 5 बजे तक लगाई गई है। इसके साथ ही बड़ी खेरमाई , बूढ़ी खेरमाई , त्रिपुर सुन्दरी मंदिर भेड़ाघाट, शारदा मंदिर बरेला आदि मंदिरों में रात्रि 3 बजे से ही जल चढ़ाने एवं दर्शन करने जन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है, जिसके चलते अगल से व्यवस्था लगाई गई है। महापर्व में 11.30 बजे से देर रात 2 बजे तक एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने थाना ओमती, लार्डगंज, कोतवाली, हनुमानताल, गोहलपुर, केण्ट, बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई, सुनरहाई, नुनरहाई में लगाई गई चाक चौबंद व्यवस्था का भ्रमण कर, जायजा लेते हुये मौके पर उपस्थित अधिकारियों एव कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल एवं संबंधित थाना प्रभारी तथा नगर पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।



एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने भ्रमण कर लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

उल्लेखनीय है कि पूर्व में ही सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है कि सभी पंडालों में रेत एवं पानी से भरी हुई बाल्टी, अग्निशमन यंत्र, अनिवार्य रूप से रखवाए जाएं तथा बड़े पंडालों में जहां श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ होती है सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं एवं कम से कम 2 समिति के सदस्य हमेशा मौजूद रहे तथा सभी पंडालों में एक रजिस्टर भी रखा जावे, रखे गए रजिस्टर में जिसके द्वारा भी चेक किया जाता है वह समय का उल्लेख करते हुए अपने हस्ताक्षर करेगा, पंडालों में दिए गए निदेर्शों के तहत व्यवस्था है कि नहीं को भी आपके द्वारा चेक किया गया। शहर एवं देहात में 1576 दुर्गा जी एवं महाकाली जी की प्रतिमाएं सार्वजनिक स्थानों पर रखी गई है।

## हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश

# मां शारदा देवी मंदिर की प्रबंध समिति को आरटीआइ के तहत सूचना देने बाध्य न करें

**जबलपुर,यशभारत।** हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश में कहा है कि सतना जिला अंतर्गेत मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर की प्रबंध समिति को आरटीआइ के तहत सूचना देने बाध्य न करें। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने इस मामले में राज्य सूचना आयोग के सचिव को जवाब पेश करने के निदेज़्श दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता मां शारदा देवी मंदिर की प्रबंध समिति के कार्यालय अधीक्षक नंद किशोर पटेल की ओर से अधिवक्ता पुष्पेंद्र यादव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि किसी ने मंदिर के संबंध में आरटीआइ के तहत सूचना मांगी थी। सूचना आयोग ने 25 अप्रैल, 2022 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें यह निधाज़्रित किया था कि मंदिर की प्रबंध समिति सावज़्जनिक है और यह आरटीआइ के दायरे में आती है। याचिका में सूचना आयोग के उक्त आदेश को चुनौती दी गई है। पूवज़् में आंध्र प्रदेश, केरला और मध्य प्रदेश हाई कोटज़् ने यह निधाज़्रित किया है कि मंदिर आरटीआइ के दायरे में नहीं आते हैं। याचिका में मांग की गई कि सूचना आयोग का आदेश अवैधानिक है और उसे निरस्त किया जाए। हाई कोटज़् ने प्रारंभिक तकज़् सुनने के बाद अंतरिम आदेश पारित कर जवाब-तलब कर लिया।



# देशी का जलवा... विदेशी चारों खाने चित्त

**जबलपुर, यशभारत।** त्यौहारी सीजन में देशी मदिरा का जलवा देखने को मिल रहा है। तो वहीं विदेशी (अंग्रेजी) मदिरा चारों खाने चित्त है। आंकड़ों की अगर बात करें तो विदेशी मदिरा की बिक्री में जहां 90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है तो वहीं देशी मदिरा की बिक्री महज 5 से 10 फीसदी ही कम हुई है। जिसके बाद यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि चारों तरफ केवल देशी का ही जलवा है।

महापर्व के दौरान शराब की बिक्री में भारी गिरावट देखने को मिलती है। शासन के आय के प्रमुख स्त्रोतों के रुप में मदिरा चिन्हित है। लेकिन इस वर्ष जो आंकड़े सामने आ रहे है वह चौकाने वाले है। क्योंकि विदेशी मदिरा की बिक्री में इस कदर गिरावट देखा जाना अपने आप में आश्चर्य से कम नहीं है।



### महंगाई का तड़का या.....

अंग्रेजी शराब बिक्री में गिरावट के अपने मायने है। जिसे महंगाई से जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि अंग्रेजी मदिरा जहां महंगी होती है, तो वहीं देशी मदिरा सस्ती है। वहीं, एक अनुमान के मुताबिक देशी मदिरा आम आदमी की पहली पसंद होती है तो वहीं अंग्रेजी मदिरा अमीरों के शौक में शामिल है। जिसके चलते त्यौहारी सीजन में यह अदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी शराब के नशे में चूर है तो वहीं समाज के ऊंचे तपके से संबंधित लोग त्यौहार मना रहे है। जिसके चलते ही अंग्रेजी शराब की खपत लगभग खत्म हो चुकी है।

# सीमांकन करने गई राजस्व टीम से किया विवाद

**जबलपुर,यशभारत।** माढ़ोताल थानांतगर्त कल दोपहर लगभग 3 बजे करमेता में एक मकान का सीमांकन करने गई राजस्व टीम के साथ मकान मालिक व उसकी पत्नी व पुत्र ने गालीगलौज कर धमकाते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली। आरोपियों पर धारा 23, 294, 506, 34 का मामला दजज़् कर तलाश जारी है। माढ़ोताल पुलिस दर्ज कर तलाश जारी है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि तहसील अधारताल में राजस्व निरीक्षक के पद पर कायज़्रत श्रीमती सुरभी जैन कल अपने पटवारी प्रवीण सिंह व कोटरवार मुकेश ठाकुर के साथ करमेता में आकाशबाणी के समीप सचिन जैन के मकान का सीमांकन करने गई थी। तभी मकान का बिक्रय पत्र में दजज़् रकवा सीमांकन के बाद कम निकलने पर मकान मालिक सचिन जैन, उसकी पत्नी सवर्णा जैन व बेटा सम्यक जैन राजस्व टीम से गालीगलौज कर छेडख़ानी का आरोप लगाते हुए धमकाने लगा

# कोरम व जानकारी के आभाव के कारण कुसली में ग्राम सभा का बहिष्कार

**जबलपुर यशभारत।** जिले की पाटन जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली कुसली रसोईया ग्राम पंचायत मैं ग्राम सभा का आयोजन सुनिश्चित किया गया था किंतु ग्राम सभा का कोरम एवं पूर्ण जानकारी ना होने के कारण ग्राम की उपसरपंच जगरानी अशोक बर्मन पंच बृजेश सिंह राहुल सिंह श्रीमती मिथिला बाई एवं गणेश चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम सभा का बहिष्कार कर दिया इस संबंध में वार्ड मेंबरों ने बताया कि ग्राम सभा में उक्त उपस्थिति पूर्ण न होना एवं पूर्ण जानकारी के अभाव में सभी ने एक राय होकर ग्राम सभा का बहिष्कार कर दिया

वही पंचों ने बताया कि कागजी तौर पर इसमें किसी प्रकार का कोई एजेंडा भी नहीं रखा गया था मोबाइल के सहारे चंद लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही थी जिससे वह काफी असंतुष्ट हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों को ग्राम सभा में वह एजेंडा चाहिए जिससे किंतु जवाबदेहौ के पास ऐसे कोई भी एजेंडा की कॉपी नहीं थी जिससे वह ग्राम की समस्या से अवगत करा सकें ग्राम की उप सरपंच सहित पंचों द्वारा ग्राम पंचायत सचिव पूजा अहिरवार को पंचायत के रजिस्टर मैं एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई वहीं पंचों ने बताया की जिस ग्राम सभा में पंचायत के विकास के ऐसे कोई कार्य नहीं जिसको उपलब्धि माना जाए ग्राम सभा का आयोजन एक औपचारिकता बनकर रह गई आवेदन पत्र सौंपते हुए ग्राम सभा का बहिष्कार करने की जानकारी दी। पंचो ने बताया कि हम सभी शांतिपूर्वक ग्राम सभा का बहिष्कार करते हुए इसमें शामिल नहीं होने का निर्णय ले चुके हैं। इसके साथ ही पंचों ने जानकारी में बताया कि ग्राम सभा में पीसीओ पाटन अनुपस्थित रही जबकि एक पत्र के मुताबिक उनकी ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना दर्शाया गया है।



# अधारताल में 3 लाख 50 हजार की चोरी

## पूरा घर गया था दशहरा घूमने, चोरों ने तोड़े ताले

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के जय प्रकाश नगर में देर रात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर, अलमारियों में रखे जेवरात और नगदी करीब साढ़े तीन लाख रुपये के पार कर दिए। जिस वक्त यह घटना हुई पूरा परिवार दशहरा घूमने गया था। जब वापस आकर देखा तो ताले टूटे हुए पड़े थे और घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार अनिल कुमार ने बताया कि वह जय प्रकाश नगर में रहता है और देर रात सपरिवार शहर में दशहरा घूमने गया था। जब रात करीब 12 बजे घर लौटा तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरे और अलमारियों के लॉक भी टूटे थे और घर से नगदी और पैत्रिक जेवरात गायब थे। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।



# कल से जबलपुर-अहमदाबाद के लिए एक और ट्रेन की शुरुआत



## स्टेशनों को साफ - सुथरा रखने वाले स्वच्छता वीरो का सम्मान

**जबलपुर यशभारत।** रेल मंडल में पिछले 17 दिनों से चल रहा स्वच्छता पखवाड़ा आज रविवार को गाँधी/शास्त्री जयंती पर रेल अधिकरियो द्वारा वृक्षारोपण, श्रमदान एवं स्वच्छता वीरो को पुरस्कार देकर, सांस्कृतिक आयोजन के साथ पूर्ण हुआ. इस अवसर पर डी.आर.एम. संजय विश्वास ने स्वच्छता को लेकर मंडल में किये गए कार्यो का विवरण प्रस्तुत करते हुए 3 यात्री गाडियों के चलने की जानकारी भी प्रदान की.

श्री विश्वास ने बताया कि त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की बढती भी? को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा जबलपुर से अहमदाबाद के लिए एक नई साप्ताहिक ट्रेन प्रारंभ की जा रही है. इस जबलपुर ङ्कअहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन न. 01704/03 का परिचालन कल मंगलवार 4 अक्तूबर 2022 से 01 नवम्बर तक किया जा रहा है . यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन मंगलवार को शाम 18.25 बजे जबलपुर से चलकर, नरसिंहपुर शाम 19.42, पिपरिया रात 22.35 होते हुए इटारसी, भोपाल,उज्जेन रेल मार्ग से बुधवार को 11.00 बजे अहमदाबाद पहुचेगी. इसी तरह वापसी में उक्त मार्ग से यह ट्रेन अहमदाबाद से बुधवार 13.55 बजे रवाना होकर गुरुवार को सुबह 09.35 बजे जबलपुर पहुचेगी. इसी तरह कोविड 19 के चलते बंद की गयी रीवा ङ्कचिरमिरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन 11751/52 का रीवा स्टेशन से पुनः परिचालन आगामी 05 अक्तूबर 2022 से हो रहा है। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को रीवा से शाम 19.20 बजे चलकर सतना में 20.25 बजे एवं कटनी से रात 21.55 बजे एवं शहडोल में मध्य रात्रि 00.50 होते हुए दूसरे दिन सुबह 04.35 बजे चिरमिरी पहुंचेगी । श्री विश्वास ने बताया कि इसी तरह पूर्व में संचालित कटनी ङ्क चिरमिरी-कटनी सवारी गा?ी को मेमू स्पेशल ट्रेन न. 06617/18 में परिवर्तित कर इसका परिचालन भी 05 अक्तूबर 2022 से प्रारंभ हो रहा है यह गाडी कटनी से दोपहर 15.20 बजे चलकर शाम 18.35 बजे शहडोल होते हुए रात 23.15 बजे चिरमिरी पहुचेगी.

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता, मंडल के शाखा अधिकारी सर्वश्री विश्व रंजन, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, जे.पी.सिंह,संजय मनोरिया, डॉ.मंजू नाथ, देवेश सोनी,पंकज दुबे,अख्तर महमूद यजदानी, मृत्युन्जय कुमार, अरविन्द पांडे,आदि भी उपस्थित थे.

स्वच्छता पखवाडे के समापन अवसर पर डीआर एम श्री विश्वास ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके दोनों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. इसके पूर्व रेल अधिकरियो ने संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउन्डेशन सदस्यों के साथ स्टेशन परिसर के आस पास श्रमदान करते हुए वृक्षारोपण का कार्य भी किया. कार्यक्रम के अंत में रेलवे में सफाई कार्य करने वालो को रेल अधिकारियो ने पुरस्कार तथा प्लास्टिक बैग के स्थान पर जूट के बैगो का वितरण भी किया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0223/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 5/8/22

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री विवेक शर्मा पिता स्व. सुरेश चन्द्र शर्मा निवासीग्राम सुहागी तह. अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा सुहागी नंबं 426 पहनं 62 तहसील अधारताल जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसना नं 4/1 रकवा 1787 वर्गफुट भूमि विक्रेता रमेश प्रसाद सिंगौर पिता स्व. लल्लू प्रसाद सिंगौर से ई पंजीकृत विक्रयपत्र क्रमांक 19.10.2016 से क्रय किया जाना लेख किया है। वर्तमान में भूमि विक्रेता रमेश प्रसाद सिंगौर पिता स्व. लल्लूप्रसाद के नाम दर्ज है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6/10/22 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 5/8/22
पेशी दिनांक - 6/10/22

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

## प्रदेश में वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य

# बिना पहने न पेट्रोल मिलेगा, न दफ्तर में एंट्री

**भोपाल, यश भारत। पुलिस कमिश्नर और सभी जिलों के एसपी को बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को न पेट्रोल मिलेगा और न ही सरकारी कर्मचारियों को ऑफिस में एंट्री।।**



मध्यप्रदेश में अब दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को न पेट्रोल मिलेगा और न ही सरकारी कर्मचारियों को ऑफिस में एंट्री। भोपाल पुलिस कमिश्नर और सभी जिलों के एसपी को बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रदेशभर में वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को रोजाना पीएचक्यू भेजना होगा। हेलमेट नहीं लगाने पर वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 128 और 129 के तहत कार्रवाई होगी। 6 अक्टूबर से कारवाई के लिए अभियान शुरू होगा।

पीएचक्यू ने वाहन चालकों के लिए हेलमेल का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए पुलिस भी जरूरी कदम उठाने की तैयारी में है। पुलिस पेट्रोल पंपों पर भी तैनात होगी और हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों की निगरानी करेगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

पुलिस की जिम्मेदारी होगी कि पंप मालिक हेलमेट के बिना पेट्रोल न दें। पुलिस बिना हेलमेट पेट्रोल भरवाने वालों को हिदायत भी देगी। इसके अलावा सरकारी और प्राइवेट कर्मचारियों को भी ऑफिस में हेलमेट लेकर आना अनिवार्य किया गया है, जो भी बिना हेलमेट ऑफिस आएगा, उसे ऑफिस में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रदेश में ऐसी सख्ती कर्मचारियों पर पहली बार की जा रही है। पार्किंग में भी केवल वह ही लोग वाहन पार्क कर सकेंगे जो हेलमेट लगा के आएंगे। इस संबंध में पुलिस सभी पार्किंग ठेकेदारों को निर्देश जारी करेगी। इसके अलावा स्कूल-कॉलेजों में भी जागरुकता अभियान ब? स्तर पर चलाने के लिए कहा गया है। इसके पालन कराने की जिम्मेदारी कलेक्टर की भी तय की गई है।

## भोपाल में सुबह तक गिरता रहा पानी

# आज आधे से ज्यादा प्रदेश में अलर्ट

**भोपाल, यश भारत। मध्यप्रदेश में मानसून अब सक्रिय हो गया है। राजधानी भोपाल में सोमवार रात गरज और चमक के साथ तेज बारिश शुरू हुई, जो सुबह तक होती रही। रात 12ः30 तक 4 इंच बारिश हो चुकी थी। इसके बाद बारिश रुक-रुककर सुबह तक होती रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक ओडिशा में बने सीजन के पहले लो प्रेशर एरिया और मप्र के ऊपर से गुजर रही मानसून ट्रफ लाइन के असर के कारण ऐसी तेज बारिश हुई। प्रदेश में कहीं तेज बारिश, कहीं रिमझिम तो कहीं बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। इससे पूरा भोपाल शहर तरबतर हो गया। कई स?कों और जगहों पर पानी भर गया।**



सीजन में पहली बार ऐसा हुआ, जब पूरे प्रदेश में एक साथ मानसूनी पानी बरसा। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक जब लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी के नजदीक बनता तो इसका असर हमारे यहां ज्यादा होता और बारिश भी अधिक होती। सिंह ने बताया कि अभी अगले 3 दिन और ऐसी ही बारिश होने की संभावना है। आधे से ज्यादा प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### इन इलाकों में दो-दो फीट तक पानी भरा

भोपाल के लालघाटी, गुफा मंदिर रोड स्थित कॉलोनियां, मिसरोद थाना, भोपाल टॉकीज, सेफिया कॉलेज रोड, बैराग? की कॉलोनियां, अयोध्या नगर की कॉलोनियां, सिंधी कॉलोनी, इब्राहिमगंज, शांति नगर, सेमरा, कटारा हिल्स, शाहपुरा, संजय नगर, कोहेफिजा कॉलोनी, बीडीए कॉलोनी सलैया।

### यहां की सड़कें पानी में डूबीं

भोपाल के वीआईपी रोड, सिंधी कॉलोनी रोड, लिंक रोड नंबर 1, बाणगंगा चौराहा, बागमुगालिया रोड, ऑरा मॉल के सामने, बैरागढ से लालघाटी रोड, कोहेफिजा, हमीदिया रोड।

### भोपाल में सबसे ज्यादा 4 इंच बारिश

सोमवार को एमपी के कई जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश भोपाल जिले में रात 12ः30 तक 4 इंच बारिश हो चुकी थी।। इसके अलावा जबलपुर में 17 मिमी, गुना और पचमढ़ी में 15-15 मिमी, मंडला में 8 मिमी बारिश दर्ज की गई। ये आंकड़े सोमवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक की बारिश के है।

### बारिश कराने वाले 3 सिस्टम एक्टिव

प्रदेश में मूसलाधार बारिश कराने वाले तीन सिस्टम एक्टिव हैं। ओडिशा में कम दबाव का क्षेत्र बना है। दक्षिणी झारखंड में भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। अरब सागर से भी नमी मिल रही है। इन तीनों वजह से अगले चार से पांच दिन तक भोपाल, इंदौर समेत दूसरे शहरों में भी बारिश होती रहेगी।



# हिमाचल में पेंशनभोगियों को मिलेगा भत्ता

**शिमला , एजेंसी।**हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट ने बुधवार को हुई बैठक में 27 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम का नाम बदलकर कंपनी अधिनियम-2013 के प्रावधानों के तहत 'हिमाचल प्रदेश कौशल विकास एवं रोजगार निगम कंपनी' किया जाएगा। आउटसोर्स कर्मी इसी कंपनी में शिफ्ट किए जाएंगे। इससे इन्हें समय पर वेतन, अन्य लाभ और निजी कंपनियों के शोषण से मुक्ति मिलेगी। नई भर्तियां भी यही कंपनी करेगी और उसमें रोस्टर भी लागू होगा। कैबिनेट ने विभिन्न वर्ग के पेंशनभोगियों को 5 से 15 फीसदी तक पेंशन भत्ता देने को भी मंजूरी दी। कैबिनेट के सामने मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने आउटसोर्स कर्मियों के बारे में रिपोर्ट रखी, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।कैबिनेट ने फै सला लिया है कि यह कंपनी तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेगी। विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों, राज्य के शिक्षण संस्थानों, सांविधिक संस्थाओं, राज्य सरकार के स्वामित्व और नियंत्रण वाले अन्य उपक्रमों की अस्थायी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुशल, अर्द्धकुशल और अन्य कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करेगी। निजी कंपनियों के साथ इन कर्मियों का अनुबंध खत्म किया जाएगा। कैबिनेट ने पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों और राज्य संवर्ग से संबंध रखने वाले अखिल भारतीय सेवा से संबंधित पारिवारिक पेंशनभोगियों को उनकी संशोधित मूल पेंशन और मूल पारिवारिक पेंशन पर क्रमवार 5, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन भत्ता देने का निर्णय लिया है। इससे 65 से 80 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 86,200 पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ओर से संचालित सभी विद्यालयों को स्टाफ सहित शिक्षा विभाग में हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक मंजूरी भी कैबिनेट ने दी।

**आउटसोर्स कर्मियों की नीति पर बड़ा फैसला**

## कांग्रेस ने लगाई 563 गांधी चौपालें, महंगाई और बेरोजगारी पर हुई बात

भोपाल, यश भारत। **भोपाल में गांधी चौपाल में ग्रामीणों ने गांधी टोपी पहन भाग** लिया और भजन गाए। सज्जन सिंह वर्मा ने गांधी चौपाल की अवधारणा गांव से निरंतर संपर्क जोड़ना बताया। प्रदेश की सभी पंचायतों में गांधी चौपाल लगाई जाएगी। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को भोपाल के बीलखे ?ा बमौरी गांव से कांग्रेस का गांधी चौपाल कार्यक्रम शुरू हुआ। चौपाल की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद देश की एकता और समरसता के भजन गाए गए। वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे ज.., ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवानज.के बाद हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांधी टोपी पहन कर चौपाल में भागीदारी की और भजन गाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पीसी शर्मा एवं कांग्रेस उपाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।सज्जन सिंह वर्मा ने गांधी चौपाल की अवधारणा गांव से निरंतर संपर्क जोड़ना बताया। वहीं, पीसी शर्मा ने कहा कि नफरत के वातावरण को जब भारत में पनाह दी जा रही है तब गांधी चौपाल ही शांति का रास्ता और सर्व धर्म का वातावरण बना सकती है। पूरे प्रदेश में यह चौपालें कांग्रेस के सिद्धांतों को घर घर ले जाएंगी।

# यहां देवी मां को चढ़ाई जाती हैं चप्पलें और सैंडल

**भोपाल, यश भारत।** नवरात्रि पर माता मंदिर के दर्शन और भेंट चढ़ाने का सिलसिला चलता रहता है। हम आपकों आज ऐसे मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां माता को चप्पलें, सैंडल, फ्रॉक चढ़ाई जाती है। मान्यता है कि देवी मां रात में चप्पल और सैंडल को धारण करती हैं। ये भी माना जाता है कि सुंदर चप्पल-सैंडल चढ़ाने से मातारानी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। पुजारी बताते हैं कि बीते 20 सालों में यहां 15 लाख से ज्यादा जोड़ चप्पलें-सैंडल चढ़ाए जा चुके हैं। इन चप्पलों-सैंडलों को कन्याओं को दान दे दिए जाते हैं।

हम जिस मंदिर की बात कर रहे हैं, वो मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार इलाके में स्थित है। इसे पहाड़ वाली माता या जीजीबाई मंदिर के नाम से जाना जाता है। करीब 22 साल ये मंदिर एक पहाड़ी पर बनाया गया था। मान्यता है कि तकरीबन 22 साल पहले यहां ओम प्रकाश महाराज ने मूर्ति की स्थापना की थी। पुराने लोग बताते हैं




महाराज ने तब शिव-पार्वती का विवाह कराया था और खुद कन्यादान किया था। तब से ओम महाराज मां सिद्धिदात्री को अपनी बेटी मान कर पूजा करते आ रहे हैं। इसलिए यहां माता रानी को बेटी स्वरूप में पूजा जाता है। लोग माता के लिए फ्रॉक भी चढ़ाते हैं। बीते 15 सालों से मंदिर में दर्शन करने आ रहीं उर्मिला विश्वकर्मा बताती हैं कि वैसे तो सालभर ही माता के दर्शन करने वाले पहुंचते हैं। नवरात्रि में भक्तों का तांता लग जाता है। मान्यता है कि यहां आने वाले भक्त माता रानी को चढ़ावे के लिए चप्पल, सैंडल और कपड़े लाते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। उर्मिला कहती हैं कि पहली बार जब गई थी तब माता के आगे चप्पलें रखी देखीं तो आश्चर्य हुआ पर पता चला कि मन्नत के लिए लोग चप्पलें-सैंडल चढ़ाते हैं तो मन्नत पूरी होने पर भी चप्पलें-सैंडल-फ्रॉक जैसे कपड़े चढ़ाते हैं।

मां को यहां बेटी स्वरूप में पूजा जाता है। भक्त उन्हें फ्रॉक भी पहनाते हैं।पुजारी ओमप्रकाश महाराज बताते हैं कि इस मंदिर में चप्पल के साथ-साथ चश्मा, टोपी और घड़ी भी चढ़ाई जाती है। यहां मां दुर्गा की देखभाल एक बेटी की तरह होती है। उन्होंने बताया कि पिछले 20 सालों में अब तक माता रानी के 15 लाख कपड़े चप्पल और श्रृंगार बदला जा चुका है। पुजारी ने बताया कि माता के भक्त न केवल देश बल्कि विदेश से भी चप्पल भेजते हैं। इस बार मां दुर्गा के लिए सिंगापुर, पेरिस, जर्मनी और अमेरिका से भी चप्पल आई हैं। जब भक्तों द्वारा चढ़ाई गई चप्पलों की संख्या बढ़ जाती है तो उसे कन्याओं में बांट दिया जाता है।

### दावा- देश का पहला करवाचौथ मंदिर भी यहीं

मंदिर पुजारी ओमप्रकाश महाराज बताते हैं कि मंदिर में एक करवा चौथ मंदिर की भी स्थापना की गई है। वे दावा करते हैं कि यह देश का पहला करवा चौथ मंदिर है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर राजस्थान में केवल चौथ मंदिर है, लेकिन यहां करवा चौथ मंदिर की स्थापना की गई है। यहां हर साल करवा चौथ पर बड़ा आयोजन किया जाता है विशेष रूप से महिलाएं यहां आ कर पूजा-अर्चना करती है। इस पहाड़ी पर 12 ज्योतिर्लिंग के स्वरूप में शिवलिंग स्थापित किए गए हैं।



# अब दक्षिण अफ्रीका से लाए जाएंगे 12 चीते

**भोपाल, यश भारत। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में अब दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए जाएंगे। इनके लिए विशेष बाड़े तैयाार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चीतों के इसी साल के अंत तक भारत लाने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को नामीबिया से 8 चीतों को लाकर कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया है।**

मध्य प्रदेश सरकार वन विभाग के प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल ने कहा कि चीतों को भारत लाने को लेकर भारत सरकार और दक्षिण अफ्रीका के बीच बातचीत शुरुआती चरण में है। एक बार एमओयू होने के बाद हम चीतों को ट्रांसलोकेट करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए जाने वाले चीतो के लिए बाड़े बनाने की तैयारी पूरी है। जगह चिन्हित कर ली गई है। नामाबीया से लाए चीतो के लिए बाड़े बनाने के अनुभव से अब नए बाड़े बनाने में कम समय लगेगा।अधिकारियों का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधिमंडल कूनों में चीतों को बसाने की तैयारी से संतुष्ट हैं। अब यह प्रतिनिधि मंडल अपनी सरकार को रिपोर्ट देगा। इसके बाद चीतों को भारत भेजने को लेकर फैसला हो जाएगा। सितंबर में दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि मंडल ने दौरा किया था। यहां पर उन्होंने उनको बसाने की तैयारी, उनके जीवित रहने के अनुकूल वातावतरण से लेकर जरूरी जानकारी ली थी।बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को नामीबिया से भारत लाए चीतों को कूना नेशनल पार्क में छोड़ा था। देश में 70 साल बाद चीतों को लाया गया है। इनमें से एक मादा चीता के गर्भवती होने की बात भी सामने आई है। यह खबर लोगों के बीच खूब चर्चा का विषय बनी हुई है। श्योपुर में चीतों के संरक्षण के लिए चीता मित्र संदेश दे रहे है। वन्य प्राणी सप्ताह के तहत यहां अधिकारी, कर्मचारी, चीता मित्र और छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली।

## सीएम शिवराज बोले समाज के साथ मिलकर बनाएंगे प्रदेश को नशामुक्त, हुक्का लाउंज पर चलेगा बुलडोजर

**भोपाल , यश भारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गांधी जयंती 2 अक्टूबर को रविवार को प्रदेश में नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने धर्मगुरुओं की मौजूदगी में जनता को प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के सहयोग के साथ मिलकर प्रदेश को नशामुक्त बनाएंगे।**



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा से मन, बुद्धि, शरीर को कोई फायदा नहीं है। फिर नशा क्यों करना। उन्होंने कहा कि एक बार नशा शुरू हो जाए तो इंसान तबाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि मैं आश्वसत करता हूं कि सरकार अपनी तरह से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के सभी प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ समाज के सभी लोग संकल्प लेते है तो हम प्रदेश को नशामुक्ति में देश में नंबर वन बना सकते है। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।


रंगमंच मैं प्राची माताजी ग्राम बिजौरी मैं समिति दुर्गा उत्सव समिति बिजौरी


मां महाप्रचंड दुर्गौत्सव समिति पाटन


मां नर्मदा नव दुर्गा उत्सव समिति कटंगी रोड पाटन

# सूर्पणनखा चरित्र ,खरदूषण वध, सीता हरण का मंचन



**जबलपुर , यशभारत।** नव मित्र समाज व्हीकल स्टेट सेक्टर वन में आयोजित विगत 53 वर्षों से बहुचर्चित रामलीला में सूर्पणनखा चरित्र खरदूषण वध सीता हरण का मंचन किया गया जिसमें स्टेट एवं आसपास क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों ने रामलीला का आनंद प्राप्त किया मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की जीवन चरित्र के बारे में मंच में उपस्थित सभी कलाकारों के द्वारा भगवान राम के एवं अन्य पात्रों के चरित्र का भली-भांति रूपांतरण किया गया जिससे वहां उपस्थित सभी श्रद्धालु जन गदगद हो गए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयुध निर्माणी की तरफ से विशेष साज-सज्जा सुरक्षा एवं अन्य प्रकार की व्यवस्था की गई जिससे वहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालु आनंद ले सकें मंचन के समय नव मित्र समाज समिति के महामंत्री बीडी सिंह ,सचिव मंत्री सतीश अरेले, सज्जन शाह, अमृत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभिनंदन सिंह, बीवी सिंह, केके सिंह, अविनाश तिवारी, राजेश मिश्रा अन्य का विशेष योगदान रहा नव मित्र समाज समिति के सभी सदस्यों के द्वारा रामलीला प्रांगण में सारी व्यवस्थाओं की उचित व्यवस्था की गई है समिति के द्वारा अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने का आग्रह किया गया है।


## शासकीय महाविद्यालय बरेला में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम



बरेला, यशभारत । पंडित राम शंकर बन्नी लाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला में शासन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नशा मुक्त प्रदेश का संकल्प लिया गया तदुपरांत मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राओं के द्वारा सुना गया कार्यक्रम में प्रचार डॉ दिनेश कुमार मिश्रा, डॉ राजेश ,भगत सिंह उइके, जुगल किशोर मेवारी, राजकुमार दीक्षित, मीना कोष्टी, विनय धर बडगैया, जय नारायण वैष्णव, अरविंद लोधी, पवन कुमार , उपस्थित रहे।

# कुंडम में विराजी नौ देवियां



**कुंडम, यशभारत।** कुंडम नगर में इन दिनों नवरात्रि पावन पर्व की धूम मची हुई है कुंडम ग्राम में नौ देवियां विराजी हुई हैं और ग्रामीण क्षेत्र में भी माता रानी बिराजी हुई हैं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है नवरात्रि का पर्व बस स्टैंड कुंडम में रामलीला का मंचन प्रारंभ हो गया है आज से कुंडम हृदय स्थल दुर्गा मंदिर रंगमंच में भी रामलीला का मंचन आरंभ कर दिया गया बड़ी संख्या में ग्रामीण जन नौ देवियों के दर्शन सहित ग्राम में भ्रमण कर रहे जहां तरह-तरह की झांकियां तैयार की गई है शांति और सद्भावना का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है !


















# सिहोरा खितौला में एक सैकड़ा से अधिक प्रतिमाएं स्थापित

## जनाकर्षण का केन्द्र बनी महाकाली की प्रतिमाएं

**सिहोरा, यशभारत।** नयनाभिराम झांकियों के बीच विराजी जगत जननी मां जगदम्बा की प्रतिमाओं के दर्शन हेतु कल सप्तमी की अपेक्षा आज रात अष्टमी को भक्तों की भीड ज्यादा उमडेगी । सिहोरा में मनसकरा तथा पहरेवा नाका सहित लगभग 60 से अधिक एंव उपनगर खितौला मे इस साल 35 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई है ।जगह जगह मां दुर्गा की मनमोहन प्रतिमाओं के साथ बेहतरीन सजावट का अदभूत सौदर्य दिखाई पड रहा है सिहोरा में रंगीन बंदरवारी से नगर की गलियां रौनक से भर गई है। एक से बढकर एक झाकियां इस शाल आयोजकों ने तैयार की है। आज से और भक्तों की भीड उमडेगी जो लगातार बढकर विजयदशमी तक सडको पर चहल कदमी करेगी नगर के देवी मठ कंकाली,दुर्गा मंदिर,बूढी माई ,मां ज्वाला देवी,माता देवालय खडरा तथा उमरिया पान मार्ग पर स्थित पर्वैंतवासनी खेर माई में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहता है ।

### नवरात्र को लेकर भक्तों में भारी उत्साह

सिहोरा खितौला में भक्तों द्वारा माता महाकाली की स्थापना करने का इस शाल से रूझान बढ गया है नगर में जागरूक समिति,जयमानस समिति गढिया मोहल्ला,ब्राह्मण पुरा,शुक्ल जी की बखरी,झंकार समिति बाबाताल,पुराना बस स्टेंड, बडी होली,महाकाली मंदिर खितौला,महागौरी समिति खितौला बस्ती सहित अनेक स्थानो में नवीन माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित की गई है जो जनाकर्षण का केन्द्र बनी है। इसी तरह दर्जनों समितियों द्वारा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। कोरोना काल के बाद यह पहला अवसर है जब लोग बढचढकर माता रानी की आराधना में लगे है ।बडो से लेकर बच्चों तक में नवरात्र पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है

### जगह जगह प्रसाद वितरण

सिहोरा खितौला में स्थापित लगभग सभी समितियों में दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए तरह के मिष्ठान के अलावा पुडी सब्जी खीर का वितरण किया जा रहा है हर जगह प्रतिदिन कुछ न कुछ नया प्रसाद भक्तों को उपलब्ध हो रहा है ।


नवनीत समिति हिन्दी स्कूल, सिहोरा


शक्ति संस्थान समिति सांई मंदिर, सिहोरा


गड़बड़ युवा समिति, सिहोरा


महाकाली मंदिर बस स्टैंड खितौला


महागौरी महाकाली समिति खितोला बस्ती


ज्वालामुखी मंदिर समिति सिहोरा

# विधायक नंदनी मरावी ने किया 5 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन



**सिहोरा, यशभारत।** विधायक नंदनी मरावी ने ग्रामीण क्षेत्र का सघन दौरा करते हुए 5 करोड 31 लाख 92 हजार के तीन कार्यो के का भूमिपूजन एंव एक कार्य का लोकार्पण कर विकास के नये आयाम स्थापित करते हुए आम जन को करोडों के सौगात दी है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम में 72.60 लाख की लागत से बनी प्रयोगशाला एवं अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण आयोजन सिहोरा विधायक के मुख्यातिथ्य एंव जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रताप सिंह बघेल,भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल,भाजयूमो ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजमणि सिह बघेल,दिलीप पटेल जनपद उपाध्यक्ष,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष,मनेन्द्र अग्निहोत्री,मनेन्द्र सिंह,जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी विद्यालय के प्राचार्य राकेश शर्मा सहित सभी छात्र छात्राएं स्कूल स्टाफ सहित अनेक वरिष्ठ जन एवं ग्राम वासी उपस्थित। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर नल से जल योजना का भूमिपूजन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 के ग्रांम पंचायत मोहसाम ग्रांम पंचायत हरगढ में किया। मोहसाम में लागत करीब 73 लाख एंव हरगढ में लगभग 53 लाख। इस अवसर पर जनपद सदस्य रजनीकांत मिश्रा,सरपंच मुकेश पटेल,सचिव प्रमोद पांडे सहित अनेक ग्रांम पंचायत मढा बंजर आदिवासी बालक छात्रावास भवन का भूमिपूजन लागत 333.32 लाख ।इस अवसर जिला पंचायत सदस्य आंजली गोलू पांडे,शिवचरण कुशराम जनपद सदस्य,बिनोद मास्टर जनपद सदस्य,सरपंच कोमल सिंह मरावी,सूबे सिंह टेकाम प्राचार्य,मनेन्द्र अग्निहोत्री, संजीव पाठक,पवन गुप्ता,मझगवां थाना प्रभारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक पार्टी पदाधिकारी एंव भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्लॉक कांग्रेस पनागर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर हुए विविध आयोजन



**पनागर, यशभारत।** अहिंसा के पुजारी भारत को अंग्रेजों की हुकूमत से आजादी दिलाने वाले महान व्यक्तित्व राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया उपस्थित वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त कर गांधी जी को भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व का एक महान व्यक्तित्व बताया कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता एवं शास्त्री जी की फोटो पर माल्यार्पण व तलक वंदन किया गयातत्पश्चात उपस्थित सभी इका जन नगर पालिका के समक्ष जहां गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राम धुन की गई कार्यक्रम में विमल जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस मुकेश सोनी अध्यक्ष कांग्रेश महाराजपुर प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष नगर पालिका कार्यकारी अध्यक्ष पार्षद तुलसीराम कुशवाहा राजेश ठाकुर बंटी पार्षद मुकेश गोटिया प्रमोद पटेल बहादुर राय वीरेन दास बैरागी मंडलम अध्यक्ष धरमू राय सीताराम कुशवाहा पूर्व पार्षद मनोज पहलवान जिला आईटी के अध्यक्ष रामू मिश्रा सेक्टर अध्यक्ष संतोष प्रजापति पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष जीवन कुशवाहा अहमद खान सुशील कुशवाहा रामेंद्र सिंह मरावी मक्खन आशीष पहलवान मनोज पटेल रूपलाल पटेल बहादुर साहू एडवोकेट अवधेश बढगईया राजेश मिश्रा वीरेंद्र उपाध्याय सुभाष पटेल गुरूनानक वार्ड अनिल कोरी पवन कुशवाहा अंसार खान राजकुमार मंजू चौरसिया अनेक नेता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एवं अंत में आभार विमल जैन ने किया।

# शुगर उद्योगपति श्री कट्टी ऑपन ऑफर के माध्यम से एचकेजी लिमिटेड में हिस्सेदारी हासिल करेंगे



**एजेंसी।** बेलगाम स्थित चीनी उद्योगपति श्री लावा रमेश कट्टी प्रतिष्ठित कट्टी परिवार से संबंधित हैं, ऑपन ऑफर के माध्यम से एचकेजी लिमिटेड के 1,36,50,000 इक्विटी शेयर एकुआयर कर रहे हैं, जिसके बाद श्री लावा रमेश कट्टी एचकेजी लिमिटेड (बीएसई 539097) का नियंत्रण संभालेंगे। ऑपन ऑफर 23 सितंबर 2022 को खुलेगा और 7 अक्टूबर 2022 को बंद होगा।हाल ही में श्री लावा रमेश कट्टी को 9 सितंबर 2022 से कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। कुछ समय पहले कंपनी ने श्री शिवसागर शुगर एंड एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड की ओर आयोजित नीलामी में चीनी मिल, को-जेन प्लांट, इथेनॉल प्लांट, ऑफिस बिल्डिंग, गोदाम और गेस्ट हाउस के अधिग्रहण में सफलतापूर्वक भाग लिया था। बैंक ने इसके लिए सैद्धांतिक पत्र भी दिया है।

# टीन शेड का निर्माण कराने वाले दानदाता का किया गया सम्मान

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं खरया आभूषण केंद्र के संचालक अजीत खरया द्वारा अपने पूज्य पिता स्व.श्री सुभाषचंद्र खरया की पावन पुण्य स्मृति में ग्राम सिमरिया में माता महाकाली प्रांगण में नर्मदा परिक्रमा वासियों को विश्राम के लिये टीन शेड का निर्माण कराया गया है जिसमे नर्मदा तीर्थाटन करने वाले परिक्रमा वासी आराम कर सकते हैं।इस अवसर पर माता महाकाली मंडल सिमरिया द्वारा श्री अजीत खरया जी का हार्दिक स्वागत सम्मान किया गया एवं उनके द्वारा परिक्रमा वासियों के वासियों के रोकने के लिए नवीन टीन शेड निर्माण किया गया है उक्त कार्यक्रम में उसका शुभारंभ किया खरया के द्वारा।किया गया। आभूषण के संचालक अजीत अमित जी खरया द्वारा सिमरिया ग्राम में माता महाकाली के प्रांगण पर नवीन टीन सेट का निर्माण पिताजी श्री सुभाष चंद्र खरया की स्मृति में किया गया जिसका लोकार्पण फीता काटकर किया एवं महाआरती मैं शामिल होकर प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें गोटेगांव से दिलीप जैन मनीष जैन चेन्नई जैन अजय जैन शरद जैन संजय जैनएवं सिमरिया के सभी ग्रामवासी शामिल हुए इसमें पूजन मिश्रा जी द्वारा सम्पन्न की गई।

# आउटसौर्स कर्मियों का तीन माह से नहीं हुआ वेतन

**पनागर, यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के संरक्षक दिलीप सिंह ठाकुर बताया गया कि प्रदेश एवं जिले में लगभग सभी विभागों के कार्यालयों में आउट सौर्स कर्मचारी कार्यरत हैं जो इस भीषण महंगाई के दौर में न्यूनतम वेतन 7000 से 12000/- पर कार्य करने मजबूर हैं। ये कर्मचारी एजेंसी के माध्यम से नियुक्त हैं जिसकी मनमानी भी इन्हें बर्दाश्त करनी पडती है। इनके भविष्य का भी कोई ठिकाना नहीं होता इन्हें कभी भी पृथक कर दिया जाता है। मंहगाई के इस चरम सीमा के दौर में इन आउट सौर्स कर्मचारियों को अपने परिवार के भरण पोषण में अत्यधिक कठिनाई हो रही है। इनका वेतन समय पर नहीं हो पाता।विगत तीन माह से आउट सौर्स कर्मचारियों का वेतन नहीं हुआ है और इन तीन महीनों में अनेक पर्व /त्यौहार बीत गए और आने वाले दशहरा, दीपावली जैसे बडे त्योहारों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा।ये सरासर नाइंसाफी है क्योंकि आवाज उठाने वाला दमनकारी नीति का शिकार हो जाता है बेदखल कर दिया जाता है। ये कम वेतन पाने वाले घोर निराश हैं संघ ने शासन प्रशासन और एजेंसी प्रमुख से पत्राचार कर इनकी समस्याओं से अवगत कराया।

# अक्तूबर के पहले हफ्ते ही 21 फिल्मों के बीच भयंकर भिड़ंत, पीएस 1 को मात देगी गॉडफादर और घोस्ट?

**मुंबई, एजेंसी सितंबर का महीना सिनेप्रेमियों के लिए काफी खास रहा। बीते महीने में ब्रह्मास्त्र, पोन्नियन सेल्वन और विक्रम वेधा जैसी शानदार फिल्में रिलीज हुई हैं। लेकिन अक्तूबर का महीना भी मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है।**

अक्तूबर के पहले हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कई धमाकेदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिसमें हिंदी से लेकर साउथ सिनेमा की मूवीज शामिल हैं। आइए आपको इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों की पूरी लिस्ट दिखाते हैं।
हिंदी में रिलीज होने वाली फिल्में

### हिंदी में मचेगा धमाल

बॉलीवुड इंडस्ट्री पर इन दिनों हर किसी की नजरें हैं। ब्रह्मास्त्र को छोड़ दिया जाए कई समय से इस इंडस्ट्री की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पा रहीं। इसी बीच इस हफ्ते हिंदी में सिनेमाघरों में एक साथ नौ फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें गॉडफादर, घोस्ट, आ भी जा ओ पिया, हिंदुत्व, गुडबाय, राज दर का, नजर अंदाज, मासूम कातिल और चक्की शामिल है। बता दें





कि गॉडफादर और घोस्ट साउथ फिल्म है, जिसे हिंदी में भी रिलीज किया जा रहा है। यह दोनों फिल्में 5 अक्तूबर को रिलीज होंगी। वहीं, बाकि फिल्में 7 अक्तूबर को रिलीज होंगी।

गॉडफादर

### तेलुगू में रिलीज होंगी ये तीन फिल्में

तेलुगू में भी इस हफ्ते एक साथ दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें पहली गॉडफादर है, जिसके जरिए सलमान खान साउथ में अपना डेब्यू कर रहे हैं और दूसरी नागार्जुन की फिल्म घोस्ट है। इसके अलावा, इन दोनों फिल्मों के साथ स्वाति मुथ्यम भी रिलीज हो रही है। यह तीनों फिल्में 5 अक्तूबर को रिलीज होंगी।
तमिल फिल्में

### तमिल में आ रही हैं ये फिल्में

इस हफ्ते तमिल भाषा में तीन फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिलेंगी, जिसमें बॉर्डर, सथुरंगा वेत्तई 2 और धा धा शामिल है। अब देखने होगा कि बॉक्स ऑफिस पर इन तीन फिल्मों में से कौन कमाल दिखा पाता है।

### टिकट टू पैराडाइज

### इंग्लिश में बस यह एक

इंग्लिश रोमांटिक फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह हफ्ता खास है। इस हफ्ते 6 अक्टूबर को टिकट टू पैराडाइज रिलीज हो रही है। यह एक रोमांटिक और कॉमेडी फिल्म है, जिसमें जूलिया रॉबर्ट्स, कैटलिन डेवर और जॉर्ज क्लूनी नजर आएंगे।

### कन्नड़ में इन फिल्मों के बीज जंग

कन्नड़ भाषा में इस हफ्ते दो फिल्मों के बीच टक्कर होगी। इसमें पहली फिल्म द चैकमेट है, जो ड्रामा और थ्रिलर से भरपूर होगी। वहीं, दूसरी फिल्म का नाम नान खादर नान हुदगी सुपर है। इस फिल्म में फैमिली के साथ खूब सारा रोमांस दिखाया जाएगा। यह दोनों फिल्में 7 अक्तूबर को रिलीज होंगी।

### मलयालम में लगेगा चौका

मलयालम भाषा में इस हफ्ते एक साथ चार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें रॉर्शचाच, सैटरडे नाइट, शुभदिनम्, और क्राइम-सस्पेंस से भरपूर फिल्म सिद्दी रिलीज होंगी। यह सभी फिल्में 7 अक्तूबर यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में दस्तक देंगी।

### पंजाबी में एक

इस हफ्ते सिनेमाघरों में इस हफ्ते सरगुन मेहता और दिलजीत दोसांझ दस्तक देने वाले हैं। उनकी बेबे भांगड़ा पौंडे ने 7 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह एक रोमांटिक और कॉमेडी फिल्म है, जो फैंस को खूब पसंद आने वाली है।

# अर्चना गौतम ने सलमान खान से किया शादी पर सवाल बोलीं- आपकी तरह टेंशन फ्री रहना चाहती हूं

**मुंबई, ईएमएस। बिग बॉस के 16 वें सीजन की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। सलमान खान के इस शो में कई चर्चित और विवादित कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया है। हर सीजन में कोई ना कोई एक ऐसा कंटेस्टेंट शो में आता है जो अपनी एंट्री के साथ ही दर्शकों का ध्यान खींच लेता है। इस बार भी ऐसा हुआ। अर्चना गौतम ने च्बिग बॉसज में आते ही धमाल मचाना शुरू कर दिया है।**



शो पर आने से पहले अर्चना का वीडियो दिखाया गया, जिसमें वह कहती हैं कि वह अपने साथ शो में सिलबट्टा लेकर जाएंगी क्योंकि उन्हें चटनी बहुत पसंद है। इसके बाद जब अर्चना शो में जाती हैं तो सलमान खान उनका स्वागत करते हैं। उनकी बातों को सुन सलमान खान भी उनकी टांग खींचते हैं।

### सलमान खान और अर्चना गौतम।



सलमान खान ने अर्चना से उनकी लव लाइफ के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि मेरी लाइफ में सिर्फ एक बॉयफ्रेंड था जिससे मैं प्यार करती थी मगर वो मुझसे प्यार नहीं करता था, उसे सिर्फ मेरे पैसों से प्यार था। तभी से मैंने डिसाइड किया कि मैं अब कोई बॉयफ्रेंड नहीं बनाऊंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह एक नेता से शादी करना चाहती हैं।
उन्होंने कहा कि मैं भी नेता हूं, वह भी एक नेता होंगे तो हमारे बीच कम लड़ाई होगी। अपनी फील्ड का इंसान होगा तो कोई दिक्कत नहीं है। इस पर सलमान कहते हैं कि शायद आपको बिग बॉस में कोई मिल जाए तो अर्चना कहती हैं आप मुझे क्यों फंसा रहे हैं। मैं सिंगल ही ठीक हूं। सलमान अर्चना से यह भी पूछते हैं कि आपको शादी क्यों नहीं करनी? इस पर अर्चना कहती हैं आपने शादी क्यों नहीं की अब तक? मैं भी आपकी तरह टेंशन फ्री रहना चाहती हूं। जैसे आपकी लाइफ में कोई लफड़े नहीं हैं, अकेले बिंदास रहो। मैं भी आपकी तरह रहना चाहती हूं।
बता दें कि अर्चना गौतम ने मिस बिकिनी इंडिया 2018 जीता था। साथ ही उन्होंने मलेशिया में आयोजित मिस कॉसमॉस वर्ल्ड 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया था और मोस्ट टैलेंट का उप खिताब जीता था। अर्चना ने 2015 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म च्ग्रेट ग्रैंड मस्तीज थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। इसके बाद वह च्हसीना पारकरज और च्बारात कंपनीज में भी नजर आईं। वह एमएलए का चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

# मस्तराम फेम केनिशा के बोल्ड लुक पर फिदा हुए फैंस



मुंबई, एजेंसी। मस्तराम वेब सीरीज में अपनी बोल्डनेस का जलवा बिखर चुकी अभिनेत्री केनिशा अवस्थी अक्सर ही लाइमलाइट में बनी रहती हैं। केनिशा अपनी बोल्ड और ब्यूटीफुल इमेज के लिए जानी जाती हैं। वहीं, आए दिन अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी छाई रहती हैं। अब एक बार फिर केनिशा अपने लेटेस्ट लुक को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। सोशल मीडिया प केनिशा की वीडियो तेजी से वायरल हो रही है।
दरअसल, केनिशा अवस्थी अपनी सुपर हॉट अदाओं के लिए सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में केनिशा एक इवेंट में पहुंची थीं। जहां उनका बोल्ड अंदाज चर्चा का विषय बन गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि वह ब्लैक कलर की डीप नेक ड्रेस में इवेंट में पहुंची थीं। अभिनेत्री ने अपने लुक को हाई पोनीटेल और और न्यूड मेकअप के साथ कंप्लीट किया था। इस ड्रेस में केनिशा की कातिलाना अदाएं देख फैंस भी दीवाने हो गए। केनिशा अवस्थी के इस वीडियो पर यूजर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर छाए इस वीडियो में केनिशा का अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रहा है। कोई अभिनेत्री को खूबसूरत बता रहा है, तो कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। ऐसे ही कई तरह के कमेंट्स कर लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।
केनिशा अवस्थी की बात करें तो वह पहली बार हंसमुख वेब सीरीज में नजर आई थीं। इसके बाद केनिशा एमएक्स प्लेयर की सबसे बोल्ड सीरीज मस्तराम में दिखाई दी। इस सीरीज में उन्होंने मिस रीटा का किरदार निभाया था। उनके इसी बोल्ड किरादर की वजह से उन्होंने खूब सुर्खियां भी बटोरी थीं।

# 'मेरे साईं' फेम अभिनेत्री की किडनी फेल होने के बाद हालत गंभीर, इलाज के लिए पैसे न होने से परेशानी



**मुंबई एजेंसी। च्मेरे साईंज टीवी शो में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री अनाया सोनी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अभिनेत्री शूटिंग के दौरान बेहोश होकर गिर गई थीं।**



बताया जा रहा है कि अभिनेत्री की हालत अभी भी ठीक नहीं है। अनाया ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से फैंस को अपना हेल्थ अपडेट दिया है। अभिनेत्री की किडनी फेल हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनाया सोनी की एक किडनी पूरी तरह से खराब हो गई है। अनाया के पिता ने बताया कि वह अभी डायलिसिस पर हैं और उनकी किडनी को बदलना पड़ेगा। पिता ने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। अनाया की डायलिसिस पर बहुत खर्चा हो रहा है, जो उनके परिवार के लिए संभाल पाना आसान नहीं है। ऐसे में उन्हें चिंता है कि वह इतने पैसे कहां से लाएंगे।
अनाया सोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। अनाया ने लिखा, च्डॉक्टर्स कह रहे हैं कि मेरी किडनी फेल हो गई है और मुझे डायलिसिस पर जाना होगा। मेरा क्रिएटाइन लेवल 15.67 पर आ गया है और हीमोग्लोबिन 6.7 पर है। मेरे हालत गंभीर है और मैं सोमवार को अंधेरी ईस्ट वाले होली स्पिरिट अस्पताल में एडमिट हो रही हूं। मेरे लिए दुआ कीजिए। जिंदगी आसान नहीं है और मैं आज में जीकर इसे आसान बनाने की कोशिश कर रही हूं। यह वक्त भी जल्दी गुजर जाएगा। जल्द ही मेरा किडनी ट्रांसप्लांट होगा और उसके बाद में किडनी के लिए अप्लाई करूंगी।

# अली फजल-ऋचा चड्ढा ने खेली फूलों की होली, भांगड़ा पर किया जोरदार डांस

**नई दिल्ली, एजेंसी। लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में रहने के बाद बॉलीवुड एक्टर अली फजल और ऋचा चड्ढा शादी के बंधन में बंध गए। अली और ऋचा की शादी कोविड और तमाम कारणों से कई बार पोस्टपोन होती रही लेकिन अब आखिरकार दोनों 7 फेरे लेकर एक दूसरे के साथ सात जन्मों के बंधन में बंधन में बंध गए। दोनों की शादी का फंक्शन हाल ही में दिल्ली में पूरा हुआ। अब जल्द ही मेहमानों को रिसेप्शन पार्टी दी जाएगी।**





शादी के जश्न को और भी ज्यादा रंगीन बनाने के लिए कपल अभी लखनऊ में है और वहां पर भी एक आलीशान पार्टी रखी गई है। बात करें अली फजल और ऋचा चड्ढा की मेहंदी और संगीत सेरिमनी की तो इसे बहुत खास और यूनिक रखा गया। फंक्शन में दोनों का कुदरत के लिए प्यार साफ देखने को मिला। फंक्शन में फूल-पत्तियों, जूट और लकड़ियों का जमकर इस्तेमाल किया गया।
कपल ने च्फूलों की होलीज खेली जिसमें उनके परिवार के लोग और दोस्तों ने पार्टिसिपेट किया। पारंपरिक अंदाज में सारी चीजें की गई लेकिन रंगों और हल्दी की जगह फूलों का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद ऋचा चड्ढा को कलरफुल बैकग्राउंड में मेहंदी लगाई गई और उनकी दोस्तों ने भी मेहंदी लगवाई।
शादी के इस जश्न में परंपराओं के बीच ऋचा चड्ढा और अली फजल के दोस्तों ने परफॉर्मेंस दीं। ऋचा चड्ढा के बचपन के दोस्त ने उन्हें एक शानदार परफॉर्मेंस देकर उन्हें सरप्राइज कर दिया। वहीं उनके भाई ने एक गाना गाया और भांगड़ा पर परफॉर्मेंस दी। इसके बाद अली फजल और ऋचा चड्ढा ने फुकरे और अंबरसरिया फिल्म के गानों पर परफॉर्म किया।

# टॉपलेस हुई Drishyam की एक्ट्रेस श्रिया सरन, साड़ी से बदन ढककर खिंचवाईं ये PHOTOS



अजय देवगन की फिल्म दृश्यम में लीड रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कातिलाना लुक में तस्वीरें खिंचवाई हैं। साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अजय देवगन की दृश्यम समेत कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में Drishyam 2 का पोस्टर और रिकॉल वीडियो शेयर किया गया है और इसके बाद अब श्रिया सरन ने अपने टॉपलेस फोटोशूट की ये तस्वीरें शेयर की हैं।

### साड़ी से बदन ढककर कराया शूट

फोटोज में श्रिया सरन सिर्फ एक साड़ी से खुद को ढकती नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है जो उनके लुक को और भी ज्यादा बोल्ड और दिलकश बना रहे हैं। श्रिया ने बैक साइड से पोज दिया है और कुछ तस्वीरें साइड से भी खिंचवाई हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए श्रिया ने लिखा- साड़ी में बस ऐसी लगती हूं।

### पहन लेतीं तो और अच्छी लगतीं

श्रिया सरन का खुद को साड़ी में दिखाने का ये अंदाज फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है। फोटोज को अभी तक ढाई लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में तो लोग श्रिया के लुक्स की तारीफें करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- सेक्सी लग रही हो। वहीं दूसरे ने लिखा- पहन लेतीं तो शायद और भी अच्छी लगतीं।

## राम का रोल करने में डर रहे थे प्रभास, शूटिंग के तीसरे दिन डायरेक्टर से कही थी ये बात

मुंबई, एजेंसी। रामायण की कहानी को बिलकुल नए अंदाज में दिखाती फिल्म dipurush का टीजर वीडियो हाल ही में रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के टीजर वीडियो को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, हालांकि सोशल मीडिया पर इसे काफी ट्रोल भी किया जा रहा है। फिल्म के VFX दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आए और ये एक VFX फिल्म से ज्यादा कोई कार्टून फिल्म ज्यादा लग रही है। फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रभास ने बताया कि वह इस फिल्म पर काम करते हुए बहुत डरे हुए थे।
प्रभास ने बताया, मैं राम का रोल करते हुए बहुत डरा हुआ था। मैंने शूटिंग के तीन दिन बाद निर्देशक ओम राउत को फोन करके कहा कि अगर मैं कोई गलती करूंगा तो...? हमने बहुत डेडिकेशन के साथ यह फिल्म बनाई है और भगवान राम हम पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

# अग्नि हादसों को लेकर कहीं संजीदगी तो कहीं लापरवाही

**जबलपुर यश भारत।** रविवार को उत्तर प्रदेश के भदोही में दुर्गा पंडाल में लगी आग में 5 लोगों की मौत के बाद अब शहर में भी स्थापित दुर्गा पंडालों की सुरक्षा को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। नवरात्र के दौरान प्रशासन द्वारा दुर्गा पंडालों में अग्नि हादसों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने को लेकर हिदायत भी जारी की गई थी लेकिन इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। कुछ एक पंडालों को छोड़ दें तो किसी भी पंडाल में आकस्मिक दुर्घटना होने पर बचाव के कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है लेकिन उत्तर प्रदेश की घटना के बाद प्रशासन द्वारा भी इस पूरे मामले में सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना शुरू कर दिया गया है। क्योंकि कुछ दिनों पहले ही शहर में भीषण अग्नि हादसा हुआ था। जिसको लेकर अभी तक जांच भी पूरी नहीं हो पाई है । ऐसे में प्रशासन और समितियां किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं करना चाहती लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कोई पुख्ता इंतजाम दिखाई नहीं दे रहे हैं।



विजय नगर शताब्दीपुरम स्थित अरूणोदय चौक पर स्थापित दुर्गा पंडाल में रखे गए है अग्नि सुरक्षा उपकरण

## यहाँ है सबसे ज्यादा खतरा

वर्तमान समय में जो दुर्गा पंडाल बनाए जा रहे हैं उसमें सबसे ज्यादा लकड़ी कपड़े और थर्माकोल का उपयोग होता है। जो थोड़ी सी चिंगारी से आग पकड़ लेता है ।पंडालों में आकर्षक रूप देने के लिए जमकर लाइटिंग भी की गई है जो शार्ट सर्किट का कारण बनता है । ऐसे में उन पंडालों में विशेष एहतियात की आवश्यकता है जहां श्रद्धालु पंडाल के अंदर जाकर माता रानी के दर्शन करते हैं । क्योंकि इन पंडालों में सर्वाधिक भीड़ होती है और अंदर का हाल भी श्रद्धालुओं से खचाखच भरा होता है। साथ ही आने-जाने के रास्ते भी सीमित रहते हैं जिसके चलते ऐसी समितियों और दुर्गा पंडालों पर विशेष एहतियात की आवश्यकता है।

## अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

इस पूरे मामले में जबलपुर कलेक्टर इलैया राजा टी का कहना है कि नवरात्र प्रारंभ होने के पहले ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ समिति वालों को थाने के स्तर पर और संभाग स्तर पर आवश्यक सुरक्षा के दिशा निर्देश दिए गए थे । जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी अलग-अलग पंडालों में निरीक्षण भी कर रहे हैं । यदि कहीं कोई कमी होगी तो उसे तत्काल सुधारा जाएगा । इस पूरे मामले में उत्तर प्रदेश की घटना सामने आने के बाद सोमवार को प्रशासनिक स्तर पर कुछ कसावट भी देखने को मिली है।

## बचाओ की सुरक्षा

जबलपुर शहर का दशहरा विश्व प्रसिद्ध है और अब आने वाले 2 दिनों में जनसैलाब रात भर सड़कों पर रहेगा। दुर्गा पंडालों में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं रहेगी ऐसे में प्रशासनिक स्तर और समितियों द्वारा तो आवश्यक कदम उठाए ही जा रहे हैं । लेकिन श्रद्धालुओं को भी अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए । भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिए खासकर ऐसे पंडालों में जहां प्रतिमा बाहर दिखाई नहीं देती हैं । जिन्हें देखने के लिए पंडाल के अंदर जाना होता है ।



# समोसे के रुपये मांगने पर ग्राहक ने घोंप दिया चाकू : एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में समोसा ठेला संचालक के साथ चाकूबाजी की घटना सामने आई है। जहां, फ्री में समोसा लेने पर जब पीड़ित युवक ने मना किया तो ग्राहक ने गालीगलौच कर चाकू घोंप दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मोह. नसीम अंसारी 31 वर्ष निवासी मक्कानगर ने बताया कि समोसा का ठेला लगाता है। बिरयानी समोसा बेंच रहा था । तभी उबेश आया और समोसा लेकर खाने लगा, उसने कहा कि पहले भी समोसा खाये थे पहले का पैसा भी नहीं दिया। समोसा के पैसे मांगने लगा इसी बात पर उबेश गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो हथियार से हमलाकर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया नहीं रहे

## सीएम, पूर्वसीएम, राज्यसभा सांसद और प्रभारी मंत्री ने जताया शोक

### यश भारत परिवार ने भी शोक संवेदनाएं प्रकट की

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार और प्रदेश टुडे के संपादक पंकज पटेरिया का आज सुबह 6:00 बजे हृदय गति अवरुद्ध हो जाने के कारण देवलोक गमन हो गया है। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे रानीताल मुक्तिधाम में होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने ट्वीट कर पंकज पटेरिया के निधन पर शोक संवदेनाए व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी श्री पटेरिया के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रदेश के लोक निर्माण तथा जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने पंकज पटेरिया के निधन पर गहरा पर शोक व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि श्री पटेरिया जिंदा दिल इंसान और उत्कृष्ट लेखनी के धनी थे, उनका निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है।



# बंगला 99 तो कार का नंबर 99 लेने खर्च किए 3 लाख 34 हजार 500

**जबलपुर, यशभारत।** कहते हैं शौक बड़ी चीज है और कुछ लोग अपने शौक को पूरा करने के लिए कीमत नहीं देखते। आरटीओ से ग्वारीघाट आर्दश नगर में रहने वाले एक युवक ने 3 लाख 34 हजार 500 रुपए में एमपी 20 जेड ए 0099 नंबर खरीदा है। आदर्श नगर नर्मदा रोड के मकान नंबर 99 निवासी सिद्धार्थ सलारिया ने अपनी इनोवा क्रिस्टा टॉप मॉडल के लिए लिए एमपी 20 जेड ए 0099 आरटीओ से रजिस्ट्रेशन नंबर 334500/ में करवाया, जो शायद जबलपुर में अभी तक का सबसे महंगा नंबर होगा। सिद्धार्थ सलारिया ने बताया कि स्पेशल नंबर के वाहन रखना पहले से शौक है और इसी के तहत नई क्रिस्टा टॉप कार के लिए बोली लगाकर नंबर खरीदा है। संभवतः जबलपुर में सबसे महंगा नंबर खरीदा गया है।




अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एंपोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं, खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एंपोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सेट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
www.shalby.org



## मां महागौरी

नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए मां ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण उनका रंग काला पड़ गया था और वह शारीरिक रूप से बहुत कमजोर हो गई थी। शिवजी को प्रसन्न करने के बाद माता ने अपने स्वास्थ्य और स्वरूप को पुन: प्राप्त करने के लिए फिर से तपस्या की। इस तपस्या के बाद माता के शरीर से उनका श्याम वर्ण अलग हुआ और मां कौशिकी प्रकट हुईं। मां पार्वती गौरवर्ण हो गई इसलिए इनका नाम महागौरी पड़ा। दरअसल, यह मां की लीला थी। राक्षस शुंभ और निशुंभ के वध के लिए देवी कौशिकी का अवतरित होना आवश्यक था इसलिए माता ने यह लीला रची। माता के इस स्वरूप को अन्नपूर्णा, ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी भी कहा जाता है। मां के इस रूप के पूजन से शारीरिक क्षमता विकसित होती है और मानसिक शांति बढ़ती है। माता शक्ति जब 8 वर्ष की बालिका थीं, तब देव मुनि नारद ने इन्हें इनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराया। फिर माता ने शिवजी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए तपस्या की। मात्र 8 वर्ष की आयु में घोर तपस्या करने के कारण इनकी पूजा नवरात्रि में आठवें दिन की जाती है। महागौरी मां को शिवा भी कहा जाता है। अपने इस स्वरूप में ये नंदी पर सवार रहती हैं। इनके एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे में डमरू है। तीसरा हाथ अन्नपूर्णा और चौथा हाथ वर मुद्रा में है। मां श्वेत और मनभावन रूप में अपने भक्तों के कष्ट हरती हैं।

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचि: । महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा ।।**

जामदार हॉस्पिटल
गोलबाजार जबलपुर
फोन 2410333, 2412333, 2415333 फैक्स- 0761-4006933
CGHS, CS MA, ECHS, WCR, BSNL, M.P. GOVT., MP POLICE, SBI, PNB, ICMR, MEDICLAIM, AYUSMAN BHARAT, MP TOURISM
NABH ACCREDITED
Dr. (Smt) Shirish Jamdar M.S. (Gyne & Obs)
स्त्री रोग व प्रसूति विभाग
- काल्पोस्कोपी
- क्रायोकाट्राईजेशन
- सामन्य प्रसव
- ऑपरेश से डिलेवरी
- सामान्य व वजाइनल हिस्ट्रेक्टॉमी

सुपरस्पेशिलिटी
- निश्चेतना
- किडनी व पथरी
- फेफड़े एवं छाती
- पेट एवं लीवर
- नाक-कान-गला
- जनरल सर्जरी
- आशीर्वाद डिजीटल एक्स-रे एवं कलर डॉप्लर
- त्रिवेणी पैथोलॉजी
- फिजियोथैरेपी

Dr. Jitendra Jamdar M.S. (Ortho.)
सुपरस्पेशिलिटी अस्थि रोग
- 24 घण्टे ट्रॉमा यूनिट
- स्पाईनल इंजुरी सर्जरी
- कूल्हे का उपचार
- घुटनों का उपचार
- अस्थि रोगों का उपचार
- ऑर्थोस्कोपी
- इलिजेरो तकनीक
- हेन्ड सर्जरी

त्रिवेणी हेल्थ केयर
जामदार हॉस्पिटल का नया प्रकल्प
Dr. (Smt) Anushri Jamdar M.R.C.P. (U.K.) Fellowshlp in Diabetology
डायबिटीज एवं जनरल मेडिसिन
- डायबिटीज एवं मेटाबोलिज्म डिस्आर्डर
- स्वास्थ्य एवं मोटापा क्लीनिक
- डाईबिटिक फुट का उपचार
- जनरल मेडिसिन
- हाथ एवं पैरों में सूजन का उपचार
- ब्लडप्रेशर की समस्या
- घबराहट का उपचार
- सीने में दर्द महसूस होना
- थायराईड का उपचार

हमारी विशेषताएँ
- निश्चेतना एवं दर्द प्रबंध
- आकस्मिक एवं क्रिटिकल केयर
- पाचन तंत्र सर्जरी
- आंतरिक चिकित्सा
- नेफ्रोलौजी
- हड्डी रोग एवं खेल चिकित्सा
- रेडियो डायग्नोसिस
- मूत्रवेग चिकित्सा
- फिजियोथैरेपी एवं हाइड्रोथैरेपी
- जनरल सर्जरी
- नाक-कान-गला विभाग
- मिनिमल एक्सेस सर्जरी
- न्यूरोलॉजी
- निवारक स्वास्थ्य जाँच
- प्लास्टि सर्जरी
- पैथोलॉजी
- प्रसूति रोग विभाग
- बाल्यरोग चिकित्सा

Dr. Janmejay Jamdar Mch. (Neuro)
न्यूरो सर्जरी विभाग
- मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ
- दूरबीन पद्धति द्वारा रीढ़ के रोगों का ईलाज
- बेन हेमरेज
- लकवा का आत्याधुनिक उपचार उपलब्ध
- सर, गर्दन, कमर दर्द का उपचार
- शियाटिका, नसो का दर्द एवं झनझनाहट
- स्लिप डिस्क
- माइक्रो-न्यूरो सर्जरी
(Minimal Invasive Surgery)

THC TRIVENI HEALTH CARE
पता: त्रिवेणी हेल्थकेयर, 1480, राईट टाउन, राईट टाउन स्टेडियम, जबलपुर-482002,
मोबाईल : 7566003344, फोन: 0761-3500283

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)